Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 249 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, मंगलवार 25 मार्च 2025 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



सत्य और अहिंसा से तुम संसार को अपने सम्मुख झुका सकते हो।
You can make the world bow with the help of truth and nonviolence.
आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## लोकतांत्रिक परंपराओं की मिसाल है छत्तीसगढ़ विधानसभा : सीएम साय



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज छत्तीसगढ़ विधानसभा के रजत जयंती समारोह के अवसर पर प्रदेशवासियों की ओर से भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु का आत्मीय स्वागत करते हुए कहा कि यह हम सभी का सौभाग्य है कि जब छत्तीसगढ़ विधानसभा अपने गौरवशाली 25 वर्षों का उत्सव मना रही है, तब देश की प्रथम नागरिक हमारे बीच उपस्थित हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2000 में भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व में बने छत्तीसगढ़ का रजत वर्ष संयोग से उनके जन्मशताब्दी वर्ष में पड़ रहा है, जिसे हम अटल निर्माण वर्ष के रूप में मना रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारी विधानसभा की 25 वर्षों की यात्रा लोकतंत्र की सुदृढ़ परंपराओं की प्रतीक है। वैदिक काल से चले आ रहे भारतीय लोकतंत्र को छत्तीसगढ़ ने अपने कार्यों से मजबूत किया है। सदन में जनहितकारी विषयों पर गंभीर चर्चाएं, सशक्त विमर्श और स्वस्थ वातावरण में लिए गए निर्णय, हमारी संसदीय संस्कृति को समृद्ध करते हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा ने केवल विधायी कार्य ही नहीं, बल्कि प्रतिनिधियों के नेतृत्व विकास को भी प्राथमिकता दी है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी कहते हैं कि सीखने की प्रक्रिया निरंतर चलनी चाहिए।

### लोकतांत्रिक परंपराओं में छत्तीसगढ़ विधानसभा एक आदर्श उदाहरण : राज्यपाल रमेन डेका

राज्यपाल श्री रमेन डेका ने रजत जयंती समारोह में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु की गरिमामयी उपस्थिति को अद्वितीय और प्रेरणादायक बताते हुए राज्य की जनता की ओर से उनका हृदय से स्वागत किया। उन्होंने भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी को स्मरण करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण उनके दूरदर्शी नेतृत्व और जन-आकांक्षाओं की गहरी समझ का परिणाम था। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 को राज्य सरकार ने 'अटल निर्माण वर्ष' के रूप में घोषित किया है, जिसमें अधोसंरचना विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। राज्यपाल ने छत्तीसगढ़ विधान सभा की 25 वर्ष की यात्रा को गर्व और सम्मान की यात्रा बताया। राज्यपाल ने विधानसभा द्वारा अपनाए गए 'स्वयमेव निलंबन' नियम को अनुशासन और लोकतांत्रिक मर्यादाओं के पालन का अद्भुत उदाहरण बताया।

**राष्ट्रपति का छत्तीसगढ़ विधानसभा में आह्वान** नारी सशक्तिकरण और समरसता से बनेगा श्रेष्ठ छत्तीसगढ़

# 'मनखे-मनखे एक समान' के सिद्धांत से बनेगा समरस छत्तीसगढ़ : द्रौपदी मुर्मु

**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने आज छत्तीसगढ़ विधान सभा के रजत जयंती समारोह में भाग लेते हुए प्रदेशवासियों को 25 वर्षों की लोकतांत्रिक यात्रा की बधाई दी और विधान सभा की उत्कृष्ट संसदीय परंपराओं की भूरि-भूरि प्रशंसा की। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना को स्वर्गीय प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के असाधारण मार्गदर्शन का परिणाम बताया और उनके प्रति सादर नमन किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की लोकतांत्रिक यात्रा, जन-आकांक्षाओं की अभिव्यक्ति का एक प्रेरणास्पद उदाहरण है। उन्होंने अपने विधायक काल की स्मृतियाँ साझा करते हुए कहा कि जन-प्रतिनिधि के रूप में कार्य करना जनसेवा की भावना से प्रेरित व्यक्तियों के लिए एक सौभाग्य होता है। उन्होंने विधान सभा को संस्कृति की संवाहक और नीति निर्धारण की दिशा देने वाला केंद्र बताया।



**छत्तीसगढ़ विधान सभा: अनुकरणीय संसदीय आचरण का प्रतीक-** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने छत्तीसगढ़ विधान सभा द्वारा अपनाई गई अनुशासित और मर्यादित परंपराओं की सराहना की। विशेष रूप से उन्होंने %स्वयमेव निलंबन% जैसे नियमों की सराहना की और इस बात को ऐतिहासिक बताया कि 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ विधानसभा में कभी भी मार्शल का उपयोग नहीं करना पड़ा।

राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने छत्तीसगढ़ को मातृशक्ति का साक्षात प्रतीक बताते हुए राज्य की सांस्कृतिक गरिमा को नमन किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ की महिला विभूति मिनी माता को याद करते हुए उनके योगदान को नमन किया। साथ ही उन्होंने इस बात की सराहना की कि आज विधान सभा में 19 महिला विधायक हैं और राज्य में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से अधिक रही है। राष्ट्रपति ने महिला विधायकों से आह्वान किया कि वे राज्य की अन्य महिलाओं को सशक्त बनाने में अग्रणी भूमिका निभाएँ। उन्होंने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' की भावना को धरातल पर उतारने की अपील की।

**समावेशी समाज की दिशा में छत्तीसगढ़ की नीतियाँ-** राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने छत्तीसगढ़ विधान सभा द्वारा पारित 565 विधेयकों को समावेशी विकास की दिशा में ऐतिहासिक बताया। विशेष रूप से महिलाओं को रूढ़ियों पर आधारित प्रताड़ना से मुक्त कराने वाले अधिनियम का उल्लेख करते हुए डॉ. रमन सिंह जी के कार्यकाल में इसे विधान सभा का महत्वपूर्ण योगदान बताया।

**प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध, संभावनाओं से परिपूर्ण राज्य-** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने कहा छत्तीसगढ़ में विकास की असीम संभावनाएं विद्यमान है।उन्होंने कहा कि राज्य में खनिज, औद्योगिक और कृषि क्षेत्र में विकास की व्यापक संभावना है। उन्होंने पर्यावरण-संरक्षण और विकास के बीच संतुलन की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यहां के पारंपरिक लोक शिल्प की देश-विदेश में सराहना होती है। यह सुंदर राज्य हरे-भरे जंगलों, झरनों तथा अन्य प्राकृतिक वरदानों से समृद्ध है। छत्तीसगढ़ को महानदी, हसदेव, इंद्रावती और शिवनाथ जैसी नदियों का आशीर्वाद प्राप्त है। छत्तीसगढ़ को आधुनिक विकास के मार्ग पर आगे बढ़ने के साथ-साथ पर्यावरण का संरक्षण भी सुनिश्चित करना है। राज्य के आप सब नीति-निर्माताओं पर विकास और प्रकृति के बीच संतुलन स्थापित करने की ज़िम्मेदारी है। इसके साथ ही समाज के सभी वर्गों को आधुनिक विकास-यात्रा से जोड़ना भी सभी जनप्रतिनिधियों का उत्तरदायित्व है।

**वामपंथी उग्रवाद से मुक्ति की ओर निर्णायक प्रगति-** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि छत्तीसगढ़ में वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित लोगों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य अंतिम और निर्णायक दौर में पहुंच गया है। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लोग विकास के मार्ग पर आगे बढ़ना चाहते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि छत्तीसगढ़ को उग्रवाद से पूर्णतया मुक्त करने के प्रयास में शीघ्र ही सफलता प्राप्त होगी और राज्य के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय जुड़ेगा।

**सामाजिक समरसता का मूलमंत्र : 'मनखे-मनखे एक समान'-** गुरु घासीदास जी के संदेश 'मनखे-मनखे एक समान' को उद्धृत करते हुए राष्ट्रपति ने सामाजिक समानता और समरसता के आदर्श छत्तीसगढ़ के निर्माण की बात कही। राष्ट्रपति मुर्मु ने छत्तीसगढ़ विधान सभा को आदर्श लोकतांत्रिक संस्थान बताते हुए राज्य के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और सभी जनप्रतिनिधियों से श्रेष्ठ छत्तीसगढ़ के निर्माण हेतु समर्पण की भावना से कार्य करने का आह्वान किया।

## राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने विधानसभा परिसर में किया कदम्ब का पौधरोपण



छ.ग. विधानसभा के रजत जयंती समारोह के अवसर पर आज राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने विधानसभा परिसर में कदम्ब का पौधरोपण किया। इस अवसर पर राज्यपाल श्री रमेन डेका, मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ विधानसभा ने संसदीय परंपराओं में रचा अनुशासन और आदर्श का इतिहास : डॉ. रमन सिंह

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने राष्ट्रपति मुर्मु का स्वागत करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा को यह गौरव प्राप्त है कि तीसरी बार भारत के राष्ट्रपति ने सदन को संबोधित किया है। इससे पहले स्वर्गीय डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम और श्रीमती प्रतिभा देवी सिंह पाटिल विधानसभा को संबोधित कर चुके हैं। उन्होंने राष्ट्रपति मुर्मु जी के सरल, संघर्षशील और प्रेरणादायक जीवन को देश की महिलाओं, जनप्रतिनिधियों और युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बताया। उन्होंने छत्तीसगढ़ विधान सभा की 25 वर्ष की यात्रा को लोकतांत्रिक मूल्यों की सुदृढ़ता की यात्रा बताया। उन्होंने कहा कि सदन में 'स्वअनुशासन' की परंपरा स्थापित की गई, जहां सदस्यों ने स्वयं बनाए नियमों का पालन कर पूरे देश के लिए उदाहरण प्रस्तुत किया। डॉ. सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़ विधानसभा ने संसदीय गतिविधियों के क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाई है। उन्होंने उल्लेख किया कि छत्तीसगढ़ विधानसभा ने 2011 में लोक सेवा गारंटी अधिनियम, और 2012 में खाद्य सुरक्षा अधिनियम पारित किए, जो अंत्योदय और समावेशी विकास के प्रतीक हैं।

## कैश कांड में घिरे जस्टिस वर्मा से सभी न्यायिक कार्य वापस लिए गए

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कैश कांड के चलते दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा को बड़ा झटका लगा है। दिल्ली हाई कोर्ट ने एक सर्कुलर जारी कर अगले आदेशों तक जस्टिस वर्मा से सभी न्यायिक कार्य वापस ले लिए हैं। यह कार्रवाई सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद की गई है।




सर्कुलर में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि जस्टिस यशवंत वर्मा की पीठ अब किसी भी मामले की सुनवाई नहीं करेगी। दिल्ली हाई कोर्ट ने हालिया घटनाओं का हवाला देते हुए यह निर्णय लिया है और इसे तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। कोर्ट ने यह भी बताया कि खंडपीठ-द्धद्धद्ध के कोर्ट मास्टर अब मामलों में नई तारीखें देंगे।

गौरतलब है कि इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को जस्टिस वर्मा से सभी न्यायिक कार्य वापस लेने का निर्देश दिया था। जिसके बाद आज दिल्ली हाई कोर्ट ने यह औपचारिक सर्कुलर जारी किया है। हाल ही में दिल्ली हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय ने सीजेआई संजीव खन्ना को जस्टिस यशवंत वर्मा के सरकारी आवास पर लगी आग के संबंध में एक विस्तृत रिपोर्ट सौंपी थी। इस रिपोर्ट को सुप्रीम कोर्ट ने सार्वजनिक भी किया था। शीर्ष अदालत द्वारा जारी तस्वीरों और वीडियो में जले हुए नोटों की गड्डियां दिखाई दे रही थीं। हालांकि, जस्टिस वर्मा ने इस पूरे घटनाक्रम को लेकर साजिश की आशंका जताई है।

इस मामले की गंभीरता को देखते हुए सीजेआई ने जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। इस कमेटी में जस्टिस शील नागू, जस्टिस संधावालिया और जस्टिस शिवरमन शामिल हैं।

## मुख्यमंत्री साय ने दी भक्त माता कर्मा जयंती की शुभकामनाएं

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को भक्त माता कर्मा जयंती की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने माता कर्मा से समस्त छत्तीसगढ़वासियों के जीवन में सुख, समृद्धि और शांति की कामना करते हुए कहा कि भक्त माता कर्मा का जीवन सेवा, भक्ति, त्याग और परोपकार की अनुपम मिसाल है। वे भगवान श्रीकृष्ण की अनन्य भक्त थीं और उनका आदर्श आज भी जनमानस को प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में माता कर्मा जयंती का पर्व पूरे श्रद्धाभाव और सामाजिक समरसता के साथ मनाया जाता है। साहू तैलिक समाज की आराध्य देवी माता कर्मा की जयंती पर पूरे राज्य में शोभायात्राएँ, कलश यात्राएँ और विविध धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजन होते हैं।

## 100 एकड़ में होगी प्रधानमंत्री मोदी की सभा

### 5 हेलीपेड हो रहे हैं तैयार, पार्किंग में होगी कलर कोडिंग

**रायपुर (आरएनएस)।** बिलासपुर के मोहभट्ठा में 30 मार्च को करीब 100 एकड़ में प्रधानमंत्री की सभा होने की तैयारी शुरू हो गई है. इसमें 55 एकड़ में सभा स्थल और शेष में पार्किंग की व्यवस्था रहेगी. रूट चार्ट के अनुसार अलग-अलग रूट के लिए पार्किंग की कलर कोडिंग कर जिलेवार आरक्षित रखे गए हैं. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा में राज्यपाल और मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे. इसका ध्यान रखते हुए सभा स्थल में पांच हेलीपेड तैयार किए जा रहे है. इसमें प्रधानमंत्री एवं उनके स्टॉफ के उतरने के लिए स्थल के किनारे तीन हेलीपेड लगभग तैयार हो गए हैं. वहीं स्थल के एक किनारे पर दो और हेलीपेड बनाये जा रहे हैं. जो राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के लिए है.



**गर्मी व बारिश को ध्यान में रखते हुए हो रही तैयारी :** आमसभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए लोगों की सुविधाओं का ध्यान रखा जाएगा. बदलते मौसम का भी ध्यान रखा जा रहा है. तेज गरमी के साथ बरसात की स्थिति को देखते हुए तैयारी किए जाने को कहा गया है.

**दो लाख लोग पीएम मोदी को सुनने पहुंचेंगे :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा में बिलासपुर के साथ राज्य भर से लोग प्रधानमंत्री को सुनने के लिए पहुंचेंगे. इनकी संख्या करीब दो लाख तक पहुंचने की संभावना है. पीएम के आने-जाने से हितग्राहियों को किसी तरह की परेशानी न हो इसका ध्यान रखने को कहा गया है. वहीं सुरक्षा प्रोटोकाल के चलते दो-तीन घण्टे पहले हितग्राहियों को पहुंचना होगा.

**120 सेक्टर में होगी बैठने की व्यवस्था :** सभास्थल में सभी डोम मिलाकर 120 सेक्टर में लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी. प्रत्येक सेक्टर में 1000 से 1500 लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी. उनके पानी, नाश्ता, दवा और साफ-सफाई से जुड़े लगभग 7 कर्मचारी सहयोग करेंगे. चूंकि लोग 4-5 घण्टे तक सभास्थल पर ठहरेंगे, इसलिए लगभग 150 पक्के टॉयलेट भी निर्मित किए जा रहे है. 25 मार्च के बाद सभास्थल की ब्राण्डिंग एवं फिनिशिंग का कार्य किया जाएगा.

## जम्मू-कश्मीर : हालात पर नजर, आतंक का खात्मा सबके साथ से ही मुमकिन : उमर अब्दुल्ला

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने घाटी के हालात पर चिंता जताते हुए कहा कि इलाके में आतंकवाद को खत्म करने के लिए सबको साथ मिलकर काम करना होगा। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कठुआ, बिलावर, राजौरी और पुंछ जैसे इलाकों में बढ़ती घटनाओं का जिक्र किया। उमर अब्दुल्ला ने कहा, जम्मू के कई इलाके, जैसे कठुआ और बिलावर, निशाने पर हैं। यह सिर्फ इन जगहों तक सीमित नहीं है। राजौरी और पुंछ में भी ऐसी घटनाएं हो रही हैं। कुछ लोग बीच-बीच में कोठियां बनाकर सरहद के पास आए हो सकते हैं। लेकिन, अभी कुछ पक्का कहना जल्दी होगी। पहले देखना होगा कि वहां कोई मिलता है या नहीं। उन्होंने बताया कि कठुआ के हालात अब ठीक हैं। लेकिन, जम्मू बेल्ट को लगातार टारगेट किया जा रहा है। उन्होंने आतंकवाद पर कहा, यह हमारी सीधी जिम्मेदारी नहीं है। लेकिन, मैं बार-बार कहता हूं कि बिना लोगों का साथ लिए आतंक का खात्मा मुमकिन नहीं। चुनी हुई सरकार कोशिश कर रही है कि हालात काबू में रहें और जम्मू-कश्मीर में अमन बना रहे। हम इसमें हाथ बटा रहे हैं।

**मुख्यमंत्री ने मंत्रालय में ली लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं जल संसाधन विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक**

# विष्णुदेव साय का ग्रीष्मकाल में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर

### कहा- फील्ड विजिट कर समस्याओं का मौके पर समाधान सुनिश्चित करें अधिकारी

### 15 दिवसीय विशेष अभियान : हैंडपंप और सार्वजनिक नलों की मरम्मत

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि ग्रीष्मकाल में प्रदेश के प्रत्येक नागरिक तक निर्बाध और सुरक्षित पेयजल पहुंचाना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसके लिए सभी विभागों के बीच समन्वय और जनसहभागिता अनिवार्य है। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि जल संकट से निपटने के लिए जल संरक्षण की दिशा में ठोस और निर्णायक कदम उठाए जाने की आवश्यकता है, जिससे आने वाले समय में प्रदेश जल संकट की किसी भी स्थिति से सुरक्षित रह सके। मुख्यमंत्री श्री साय मंत्रालय में आयोजित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं जल संसाधन विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।



मुख्यमंत्री श्री साय ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रीष्म ऋतु के दौरान प्रदेशभर में पेयजल की समुचित और सतत उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सभी जरूरी उपायों को प्राथमिकता पर क्रियान्वित किया जाए। मुख्यमंत्री ने ग्रीष्मकालीन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए प्रदेशभर में पेयजल की उपलब्धता को राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता घोषित किया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जल संकट की किसी भी संभावना को गंभीरता से लेते हुए त्वरित और समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने इस दिशा में ग्रामीण विकास, नगरीय प्रशासन, ऊर्जा, वन एवं कृषि विभाग को परस्पर तालमेल के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में उत्पन्न हो रही पेयजल समस्याओं के समाधान हेतु अल्पकालिक और दीर्घकालिक रणनीतियाँ समान रूप से आवश्यक हैं। इसके लिए उन्होंने जल संरक्षण के प्रभावी उपायों जैसे रिचार्ज पिट, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग और सौर ऊर्जा आधारित पंपों को तेजी से बढ़ावा देने पर बल दिया। साथ ही, उन्होंने भूजल के अनियंत्रित दोहन पर सख्त निगरानी रखने और कम जल-खपत वाली फसलों की खेती को प्रोत्साहन देने के निर्देश दिए, जिससे जल संसाधनों का संतुलित उपयोग सुनिश्चित हो सके। मुख्यमंत्री श्री साय ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे केवल कार्यालयों तक सीमित न रहते हुए, फील्ड में जाकर स्वयं स्थिति का आकलन करें और स्थल पर ही पेयजल संबंधी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि आगामी 15 दिनों के भीतर प्रदेशभर में विशेष अभियान चलाकर सभी हैंडपंपों और सार्वजनिक नलों की मरम्मत सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि अनेक स्थानों पर हैंडपंपों में केवल मामूली तकनीकी समस्याएँ होती हैं, जिन्हें यदि समय रहते स्थानीय मैकेनिक द्वारा दुरुस्त किया जाए, तो नागरिकों को अनावश्यक परेशानी से बचाया जा सकता है।

बैठक के दौरान यह जानकारी दी गई कि राज्य सरकार ने इस कार्य के त्वरित निष्पादन हेतु पूरे प्रदेश में मोबाइल वैन यूनिट्स की विशेष व्यवस्था की है, जो आगामी चार महीनों तक फील्ड में सक्रिय रहकर रखरखाव और मरम्मत का कार्य प्राथमिकता से संपादित करेंगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश के पर्वतीय और मैदानी दोनों क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की सतत उपलब्धता सुनिश्चित करना राज्य सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इसके लिए स्थानीय भू-प्राकृतिक परिस्थितियों के अनुरूप जल संरक्षण उपायों को बढ़ावा दिया जाए, ताकि दीर्घकालिक समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने वन्य प्राणियों के लिए गर्मी के मौसम में जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी स्पष्ट निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने यह भी निर्देशित किया कि प्रदेशभर में अमृत सरोवरों को जल प्रबंधन के मॉडल के रूप में विकसित किया जाए, ताकि वे जल संग्रहण, वर्षा जल संरक्षण और सामुदायिक भागीदारी के सफल उदाहरण बन सकें।

# लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने स्वीकार किया महा-महावीरोत्सव कार्यक्रम का निमंत्रण

### मुंबई में आयोजित महा-महावीरोत्सव-2025 कार्यक्रम में दस्तक देंगे लोकसभा अध्यक्ष

**नई दिल्ली (विश्व परिवार)।** नई दिल्ली में श्रद्धेय श्री देवेंद्र ब्रह्मचारी जी ने लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिड़ला जी से उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की और जैनधर्म के 24 में तीर्थंकर महावीर जयंती के अवसर पर मुंबई में आयोजित होने वाले महा-महावीरोत्सव-2025 कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उनका निमंत्रण दिया और बिड़ला जी ने आत्मीयता के साथ स्वीकार किया।



इस मुलाकात में स्वामी देवेंद्र ब्रह्मचारी जी ने श्री ओम बिरला जी को महा-महावीरोत्सव कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया और उन्हें इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।श्री ओम बिरला जी ने इस निमंत्रण को स्वीकार करते हुए कहा कि वे इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए और देश में धार्मिक और सांस्कृतिक उत्थान के ऐसे महत्वपूर्ण आयोजन में उपस्थित होने के लिए अत्यंत उत्साहित हैं।

स्वामी देवेंद्र ब्रह्मचारी जी ने माननीय श्री ओम बिड़ला जी को देश के लिए उनके नेतृत्व और सेवा के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि उनकी उपस्थिति से महा-महावीरोत्सव कार्यक्रम को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने में मदद मिलेगी। महा-महावीरोत्सव कार्यक्रम महावीर जयंती के अवसर पर आयोजित किया जाता है, जो भगवान महावीर के जन्म जयंती के रूप में मनाया जाता है।

यह कार्यक्रम श्रद्धेय देवेंद्र ब्रह्मचारी जी के प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में मुंबई के समस्त जैन समुदाय इस कार्यक्रम को विशेष रूप से मानते है।

यह समस्त जैनों के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन है और इसमें विभिन्न सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं।

दैनिक
# विश्व परिवार

रायपुर/दुर्ग-भिलाई/बलौदाबाजार

रायपुर, मंगलवार 25 मार्च 2025

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com



## संक्षिप्त समाचार

### नागपुर एवं हावड़ा के मध्य एक फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन की सुविधा

**हावड़ा की तरफ आने एवं जाने के लिए मिलेगी अधिक आरक्षित बर्थ की सुविधा**

**रायपुर (विश्व परिवार)।** नागपुर एवं हावड़ा के मध्य रेल यात्रियो की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन के द्वारा एक स्पेशल गाड़ी 01201/ 01202 नागपुर–हावड़ा–नागपुर स्पेशल ट्रेन एक फेरे के लिये चलाई जायेगी। यह स्पेशल ट्रेन नागपुर से दिनांक 25 मार्च, 2025 को 01201 नंम्बर के साथ तथा हावड़ा से दिनांक 28 मार्च, 2025 को 01202 नम्बर के साथ चलेगी। इस स्पेशल ट्रेन में 2 एसएलआर, 04 सामान्य, 16 स्लीपर सहित कुल 22 कोच रहेगी।

**इस गाड़ी की विस्तृत समय-सारणी निम्नानुसार है-**

| 01201 नागपुर-हावड़ा स्पेशल ट्रेन | | स्टेशन | 01202 हावड़ा-नागपुर स्पेशल ट्रेन | |
|---|---|---|---|---|
| पहुंच | छूट | | पहुंच | छूट |
| ---- | 17.10 | नागपुर | 21.15 | ----- |
| 19.08 | 19.10 | गोंदिया | 17.48 | 17.50 |
| 21.40 | 21.45 | दुर्ग | 15.40 | 15.45 |
| 22.25 | 22.30 | रायपुर | 14.40 | 14.45 |
| 00.35 | 00.45 | बिलासपुर | 12.50 | 13.05 |
| 02.30 | 02.32 | रायगढ | 10.00 | 10.05 |
| 04.05 | 04.10 | झारसुगड़ा | 08.50 | 08.55 |
| 05.15 | 05.20 | राउरकेला | 06.15 | 06.20 |
| 06.50 | 06.55 | चक्रधरपुर | 04.35 | 04.40 |
| 07.55 | 08.00 | टाटानगर | 03.35 | 03.40 |
| 10.00 | 10.05 | खड़कपुर | 01.20 | 01.25 |
| 13.00 | --- | हावड़ा | --- | 23.40 |

### लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल संरक्षण पर विविध कार्यक्रम का आयोजन




**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिक विभाग द्वारा जल संरक्षण पर ग्राम सलोनी मे विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे जल संकट की गंभीरता पर प्रकाश ड़ालते हुए समाज में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाई गई। इस अवसर पर जल संचयन तकनीकों पर प्रदर्शनी, स्कूल और कॉलेज छात्रों द्वारा जल पर आधारित पोस्टर, निबंध प्रतियोगिता, वृक्षारोपण अभियान, पानी बचाने की शपथ, विशेष व्याख्यान एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। पीएचई के कार्यपालन अभियंता मनोज ठाकुर ने बताया कि जल संकट की गंभीरता को देखते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिक विभाग द्वारा जल संरक्षण को लेकर जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को जल के महत्व और इसके संरक्षण के उपायों के प्रति जागरूक करना है।कार्यक्रम के अंतर्गत वृक्षारोपण, रैली, पोस्टर प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक आदि का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय नागरिकों, विद्यार्थियों और सामाजिक संगठनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वक्ताओं ने वर्षा जल संचयन, टपक सिंचाई प्रणाली, पारंपरिक जल स्त्रोतों के पुनरुद्धार, घरों में पानी की बचत के उपाय और जलवायु परिवर्तन से जुड़ी चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों, स्थानीय नागरिकों तथा सरकारी अधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सलोनी के सरपंच प्रतिनिधि सलीम ढीढी, जिला समन्वयक राजकुमार कोशले, उत्कर्ष कावले, मंजू गायकवाड सहित बड़ी संख्या मे ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### भिलाई चरोदा निगम महापौर निर्मल कोसरे ने किया संपदा विभाग के कार्यों का निरीक्षण

**भिलाई (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम भिलाई-03 चरौदा कार्यालय के संपदा विभाग में सोमवार दिनांक 24-03-2025 को महापौर निर्मल कोसरे ने पहुंचकर विभागीय काम-काज का निरीक्षण किया। इस दौरान भू-भाटक पटाने वालो की जानकारी से श्री कोसरे को उपस्थित कर्मचारियों द्वारा अवगत कराया गया। साथ ही फ्री होल्ड के प्राप्त आवेदनों पर की गयी कार्यवाही सहित लंबे समय से भू-भाटक नही पटाने वालों की संख्यात्मक जानकारी एक दिवस के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश महापौर निर्मल कोसरे द्वारा दिये गये। महापौर परिषद के सदस्य पार्षद वार्ड क्रमांक-26 श्री मोहन साहू, संपदा लिपिक ललित चन्द्राकर सहायक ग्रेड-03 सुनीता चन्द्राकर एवं जनसंपर्क प्रभारी विकास चन्द्र त्रिपाठी मौके पर मौजूद रहे।



## निगम क्षेत्र के स्ट्रीट वेंडरों को बड़े डस्टबिन एवं हाइजीनिक किट बांटा गया



**भिलाईनगर (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में सड़क के किनारे एवं निर्धारित स्थल पर खादय सामग्री बेचने वाले लगभग 8780 स्ट्रीट वेंडर है। इसमें से 3222 स्ट्रीट वेंडरो का नगर निगम भिलाई द्वारा पंजीयन किया गया है। इनके पास गुमशता, हाकर लाइसेंस, पंजीयन प्रमाण पत्र आदि प्रदान किया गया है। ज्यादातर स्ट्रीट वेंडर द्वारा दैनिक उपयोग की खादय सामग्री बनाकर बेचा जाता है। समय-समय पर उन्हे शासन की योजना के अनुसार ट्रेनिंग दी जा रही है। किस प्रकार से दुकानों का संचालन करें, शासन द्वारा उन्हे क्या सुविधा प्रदान की जा रही है। शुरू में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजनो के तहत व्यापार करने के लिए उन्हे 10 हजार का लोन प्रदान किया जाता है। बैंक से उनका ट्रान्जेक्शन ठीक रखने एवं हिसाब-किताब व्यवस्थित रखने पर उन्हे और आवश्यकतानुसार बैंक द्वारा दुकान को अच्छे ढंग से संचालित करने के लिए ऋण प्रदान किया जाता है। जो 10 हजार, 20 हजार, 50 हजार, 2 लाख इत्यादि आवश्यकता अनुसार बहुत कम ब्याज दर पर प्रदान किया जा रहा है।

आज निगम सभागार में आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा उपस्थित सभी स्ट्रीट वेंडरों को गीला कचरे के लिए हरा रंग का बड़ा डस्टबिन एवं सूखा कचरे के लिए नीला रंग का बड़ा डस्टबिन बांटा गया। साथ ही स्ट्रीट फूड वेंडरों को प्रथम एजुकेशन फाउन्डेशन द्वारा हाथ में पहने के लिए ग्लबस, सर पर पहने के लिए टोपी, एप्रान, गारबेज बेग, काउंटर पोछने के लिए कपड़े आदि सामग्री बांटा गया है। ताकि स्ट्रीट वेंडर अपने दुकान पर बची हुई खादय सामग्री, दोना, प्लेट, पानी बॉटल इत्यादि इधर-उधर न फेंक कर डस्टबिन में ही डालें। जिसे नगर निगम भिलाई के स्वच्छता गाड़ी में दे दिया करें। डस्टबिन का उपयोग दुकान में कचरा रखने के लिए ही करना है। न कि उसको अपने घरो में अन्य कार्य के लिए उपयोग करना है। निगम के सुपरवाइजर इसकी पूरी देखरेख करेगें। स्ट्रीट वेंडर को ट्रेनिंग, शासन एवं बैंक के माध्यम से प्रदान की जाने वाली सुविधाओं, अपने व्यापार को कैसे आगे बढ़ाया जाये। आज के मांग के अनुसार अपने उत्पाद को कैसे विक्रय किया जाये आदि के बारे में संस्था प्रथम एजुकेशन फाउन्डेशन द्वारा दी जा रही है।

## सड़को पर लगे बेतरतीब अवैध बैनर, पोस्टर, होर्डिग एवं विज्ञापन को हटाने का काम जारी



**भिलाईनगर (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के सड़को को साफ-सुथरा आकर्षक बनाया जा रहा है। इसके लिए सड़को के मध्य डिवाइडर में विद्युत डिजाइनर पोल लगाया जा रहा है। इससे नगर एवं सड़को की सुन्दरता बढ़ रही है। ऐसा देखने में आ रहा है कि बहुत सारे राजनीतिक, सामाजिक, औद्योगिक एवं निजी लोगो द्वारा नगर निगम भिलाई क्षेत्र में कहीं पर भी अपने नाम का बैनर, पोस्टर, होर्डिग, विज्ञापन लगा दे रहे है, जो पूर्ण रूप से अवैधानिक है। यह दुर्घटना का कारण भी बन रहा है। हवा चलने के कारण या बंधाई कमजोर होने के कारण निचे गिर जाता है। जिससे आम नागरिको को चलने में बहुत परेशानी हो रही है। नगर निगम अधिनियम 1956 में दिये गये प्रावधानों के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति को निगम क्षेत्र में कहीं भी अपना बैनर, पोस्टर लगाने से पहले राजस्व विभाग से अनुमति लेना आवश्यक है।

आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर नगर निगम के सभी क्षेत्रों से अवैध रूप से लगाये गये बैनर, पोस्टर, होर्डिग, विज्ञापन को हटाया जा रहा है। गौरव पथ, सुपेला घड़ी चौक से गदा चैंक, कुम्हारी से लेकर नेहरू नगर गुरूद्वारा चैंक, नेशनल हाईवे, मोर्या चंद्रा टाकिज से श्रीराम मार्केट होते हुए गदा चैंक से अंवती बाई चैंक, अवंती बाई चौक से इंदु आईटीआई होते हुए कुरूद चैंक, ओम शांति ओम चौक से कैलाश नगर कुरूद आदि सभी जगहो से धीरे-धीरे कर बैनर, पोस्टर, होर्डिग, विज्ञापन को हटाने की कार्यवाही जारी है। इसके लिए जोन के सहायक राजस्व अधिकारी, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी एवं सुपरवाइजरों की डयूटी लगाई गई है। जो स्थल पर जाकर बैनर पोस्टर हटवाने की कार्यवाही करेगें। नगर निगम भिलाई सभी राजनीतिक, सामाजिक, औद्योगिक एवं निजी लोगो से अपील करती है, कि निगम भिलाई के नियमों का पालन करें। बिना अनुमति के बैनर, पोस्टर, होर्डिग, विज्ञापन न लगावें। यदि कोई भी व्यक्ति निगम के राजस्व विभाग के बिना अनुमति बैनर, पोस्टर, होर्डिग, विज्ञापन लगाते हुए पकड़े जाये तो नियमों का उल्लंघन मानते हुए संबंधित व्यक्ति पर कार्यवाही करते हुए अर्थदण्ड वसूलने की कार्यवाही की जावेगी। अपना भिलाई नगर साफ सुथरा स्वच्छ सुंदर दिखे इसमें सबको योगदान करने की आवश्यकता है।

## निगम अध्यक्ष पारस वर्मा ने अध्यक्ष कक्ष में पूजा अर्चना कर कार्यभार ग्रहण किया

**महापौर यादव एवं आयुक्त विश्वकर्मा ने दी बधाई**



**राजनांदगांव (विश्व परिवार)।** नगर निगम के नव निर्वाचित अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा ने आज पूर्वान्ह में निगम कार्यालय के अध्यक्ष कक्ष में पूजा अर्चना कर कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण के दौरान महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने पुष्पगुच्छ भेट कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यों व पार्षदो ने भी उन्हें माला पहनाकर बधाई दी।

कार्यभार ग्रहण के दौरान निगम अध्यक्ष श्री पारस वर्मा ने कहा कि महापौर श्री मधुसूदन यादव सहित संगठन के वरिष्ठजनों ने मुझे निगम अध्यक्ष के लिये नामित किया और पार्षद साथियो ने मुझे मतदान कर अध्यक्ष बनाया जिसके लिये मैं महापौर, संगठन और पार्षदो का सहृदय आभारी हूॅ। उन्होनें कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, विधान सभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अरूण साव, प्रभारी मंत्री श्री विजय शर्मा, सांसद श्री संतोष पाण्डे के मार्गदर्शन में महापौर श्री यादव के साथ मिलकर शहर विकास करेंगे तथा शासन की योजनाओं को जन जन तक पहुचायेगे। उन्होंने अपने वार्ड नं. 16 के वासियों का भी आभार व्यक्त करते हुये कहा कि उन्होंने मुझे भारी मतो से विजयी बनाया। उन्होंने कहा कि मै उनके विश्वास में खरा उतरकर उनकी मंशानुरूप वार्ड में विकास कार्य करेंगे। इस अवसर पर महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यगण, पार्षदगण, वार्डवासी एवं निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## कार्रवाही का तीसरा दिन, वार्ड 21 में आज भी निगम ने की बड़ी कार्रवाही, हटाए गए दर्जनों अतिक्रमण

**घरो के बाहर नाली पर चबूतरा, किसी ने नालियों को ढककर उस पर लोहे की जालियों डालकर गार्डन, पौधे लगाकर सड़क तक किया कब्जा, निगम ने चलाया बुलडोजर**



**दुर्ग (विश्व परिवार)।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शहर अतिक्रमण मुक्त की कार्वाही ।आज भी वार्ड क्रमांक 21 क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्वाही का तीसरा दिन भी जारी रहा।

सिंधिया नगर, मुकुट नगर, हनुमान नगर सहित आसपास अन्य में में करीब दर्जनों लोगों ने सड़क क्षेत्रों में घेरकर अपने घर के सामने चबूतरा, गार्डन, सीढ़ी व अन्य निर्माण कर लिया था। नगर निगम प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर तोड़कर हटवाया। सैकड़ो क्षेत्र के रहवासियों ने इससे महापौर श्रीमती अलका बाघमार को अवगत कराया था। नालियों के ऊपर बनाए गए स्थायी निर्माण से सफाई में भी दिक्कत हो रही है। मामला संज्ञान में आने के बाद आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर निगम प्रशासन अतिक्रमण प्रभारी परमेश्वर के नेतृत्व में टीम के साथ पहुँचकर अवैध निर्माण बुलडोजर चलाकर को तोड़ दिया गया। बता दे कि निगम प्रशासन की सख्ती को देखते हुए कई कब्जाधारी अपना-अपना अतिक्रमण स्वयं हटाने लगे। महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने कहा कि आवागमन को ध्यान में रखते. हुए शहर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने अभियान लगातार जारी रहेगा।उन्होंने कहा कि अतिक्रमण की कार्वाही शहर के सभी वार्डो एवं बाजार क्षेत्रो में भी चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सड़कों की चौड़ाई होने बावजूद वर्तमान में जो हालात है उनमें दो कारें एक साथ नहीं निकल सकती।

## निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने स्टेशनपारा, पुराना बस स्टैण्ड एवं गंज चौक में साफ-सफाई का किया निरीक्षण

**दुकानदारो को डस्टबिन रखने दिये समझाईस**



**राजनांदगांव (विश्व परिवार)।** स्वास्थ्य सेवाओ में गुणात्मक सुधार लाने नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा वार्डो में जाकर सफाई कर्मियों को दिशा निर्देश दे रहे हैं। उन्होंने आज सुबह स्टेशन पारा, पुराना बस स्टैण्ड एवं गंज चौक में साफ सफाई का निरीक्षण कर हाजरी रजिस्टर की जॉच किये और झिल्ली पन्नी का उपयोग नही करने, डस्टबिन रखने समझाईस देने और मलमा मण्डप के तहत कार्यवाही करने स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा हो निर्देशित किये। स्टेशन पारा क्षेत्र में साफ सफाई देख आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि सभी सफाई कर्मी निर्धारित समय तक सफाई कार्य करेगे, झिल्ली पन्नी का उपयोग नही करने डस्टबिन का उपयोग करने समझाईस देगे।

उन्होंने स्वच्छता दीदीयो से चर्चा कर कहा कि गिला एवं सुखा कचरा अलग अलग रखे, घर वालो को भी अलग अलग कचरा देने समझाईस देवे। उन्होंने ओव्हर ब्रिज के नीचे टैंट का समान रखे देख हटाने समझाईस देने कहा। इसी प्रकार रोड में ईट रखने पर संबंधित को हटाने कहे, नही हटाने पर जुर्माना लगावे। इसके अलावा स्टेशन रोड के बंद बोरिंग को चालू कराने के निर्देश दिये। पुराना बस स्टैण्ड में साफ सफाई देख वार्ड प्रभारी से आयुक्त ने कहा कि जनता के आवागमन का स्थल है, इसलिये यहा प्रतिदिन समुचित साफ सफाई होनी चाहिये। उन्होंने भरकापारा एसएलआरएम सेन्टर का जायजा लेकर साफ सफाई रखने गिला सुखा कचरा व्यवस्थित रख छटनी करने के निर्देश दिये।

## छत्तीसगढ़ी व्यंग्य संग्रह ‘उत्ता धुर्रा-उबुक चुबुक’ का विमोचन




**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के लब्धप्रतिष्ठ व्यंग्यकार रामेश्वर वैष्णव के नव प्रकाशित व्यंग्य संग्रहों ‘उत्ता धुर्रा और उबुक चुबुक’ का विमोचन समारोह 25 मार्च 2025 को प्रेस क्लब के सभागार में दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक आयोजित है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री सुरेन्द्र दुबे, अध्यक्ष डॉ सुधीर शर्मा, मुख्य वक्ता डॉ देवधर महंत, विशिष्ट अतिथि रामेश्वर शर्मा, ए. एन. बंजारा, राजेश्वर खरे, वैभव बेमेतरिहा संजय कबीर शर्मा होंगे। उक्त जानकारी कार्यक्रम संचालक विजय मिश्रा ‘अमित’ ने दी। आगे उन्होंने बताया छत्तीसगढ़ी भाषा में लिखित रामेश्वर वैष्णव की छब्बीसवीं तथा सत्ताईसवीं कृति ‘उत्ता धुर्रा तथा उबुक चुबुक’ है। वैभव प्रकाशन की ओर से इन कृतियों का प्रकाशन किया गया है।

## प्रधसनमंत्री आवास का औचक निरीक्षण करने पहुंचे कमिश्नर, ठेकेदारों की ली क्लास, कार्य पूरा करने दिए 7 दिनों का समय



**दुर्ग (विश्व परिवार)।** नगर निगम के कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चल रहे आवास निर्माण का नोडल अधिकारी एवं कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, सहायक नोडल अधिकारी सुरेश केवलानी, प्रीतेश वर्मा, दीपक संचेती एवं ठेकेदार की उपस्थिति में निरीक्षण किया।इसके अलावा इस योजना से जुड़े अधिकारियों से जानकारी ली गई।कमिश्नर ने निर्माणाधीन आवास के संबंध में नोडल अधिकारी व ठेकेदारों को कार्य की गुणवत्ता बनीं रहे इस ओर विशेष ध्यान देने कहा।ठेकेदारों की लगाई क्लास कहा कार्य पूरा करने दिए 7 दिनों का समय दिया है। निर्धारित समय सीमा में आवासों का निर्माण पूर्ण करने सख्त निर्देश दिए गए। ताकि पात्र हितग्राहियों को जल्द से जल्द उक्त आवास का आबंटन पात्रता अनुसार किया जा सके।

कमिश्नर ने इंजीनियरों व ठेकेदारों से कहा कि वे पूर्व में सौंपे गये दायित्वों के साथ-साथ वर्तमान कार्य का भी संपादन करना सुनिश्चित करें। इस मौके पर प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन आवास जैसे सरस्वती नगर और गणपति विहार के निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण कर ठेकेदारों का उपरोक्त आवासों को शीघ्र पूर्ण करने को का कहा गया ताकि हितग्राहियों जल्दी से आवासों को आवंटन किया जा सके आवासों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार और प्रसार करे। कमिश्नर ने मार्च महीने के भीतर संपूर्ण कार्य करने के सख्त निर्देश दिए।समय पर गुणवत्तापूर्ण एवं मापदंड के अनुरूप काम पूरा किया जाये, ताकि समय पर इसका लाभ हितग्राहियो को मिल सके। प्रधानमंत्री आवास के ग्राउंड सहित क्षेत्र के आस पास साफ सफाई, समतलीकरण सहित पानी की व्यवस्था हेतु नल कनेक्शन एवं प्रधानमंत्री आवास के सामने फ्रेंसिंग से कालोनी को सुरक्षित करने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करने की बात कही। उन्होंने अधिकारियो से कहा कि 15 दिवस के भीतर पात्र हितग्राहियों को आवास का आबंटन हो सके ऐसा प्रयास करें। उन्होंने गणपति विहार आवास का निरीक्षण करते हुए पानी की व्यवस्था के साथ-साथ बिजली के कार्यो को प्राथमिकताओं के साथ पूरा करने कहा।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)**
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./19124/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2025
रायपुर दिनांक : 24-03-2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 19124**
**वार्ड का नाम- 60 - चन्द्रशेखर आजाद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR652A00125** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **SHIRIN ANJUM** पिता/पति, श्री/श्रीमती **IRFAN ALI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SK MUJIBAR RAHMAN** पिता/पति श्री/श्रीमती **SHEKH AZAD BUX** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं. - 6**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)**
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./19149/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2025
रायपुर दिनांक : 21-03-2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 19149**
**वार्ड का नाम- 60 - चन्द्रशेखर आजाद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR652D00391** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **NAVIN PRASAD** पिता/पति, श्री/श्रीमती **NARAYAN PRASAD** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **DEVENDRA KUMAR SHARMA** पिता/पति श्री/श्रीमती **GANESH RAM SHARMA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं. - 6**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)**
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./19054/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2025
रायपुर दिनांक : 24-03-2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 19054**
**वार्ड का नाम- 65 - महामाया मंदिर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 65 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR662C00365** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **BHAGWATI RAM DEWANGAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **JIVRAKHAN DEWANGAN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **VIJAY KUMAR CHANDRAKAR** पिता/पति श्री/श्रीमती **PAWAN KUMAR CHANDRAKAR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं. - 6**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)**
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./19053/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2025
रायपुर दिनांक : 24-03-2025

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 19053**
**वार्ड का नाम- 60 - चन्द्रशेखर आजाद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR652F00748** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **MAHESH DHANGAR S/O DOMU RAM, 2. SHARDA W/O MAHESH, 3. SHEKHAR, 4. JIGYASHA, 5. ROHIT PAL, 6. DOMU RAM S/O UMA RAO** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MAHESH DHANGAR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **JYOTI THAKUR** पिता/पति श्री/श्रीमती **D/O RAMESH SINGH THAKUR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं. - 6**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 891 दिनांक 24.03.2025**
**वार्ड का नाम- खुबचंद बघेल वार्ड**
**वार्ड क्र. 33 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **33** मांग **पंजी क्र. 65 युआईडी 28136** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **रोहित जैन / स्व. गोवर्धन जैन** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **विनीता जैन / रोहित जैन** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **23-04-2025** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**

सूरजपुर ऑडिटोरियम में विश्व क्षय दिवस पर भव्य कार्यक्रम का हुआ आयोजन : जन जन का रखे ध्यान, टीबी मुक्त भारत अभियान

# टीबी के खिलाफजन जागरूकता, जन सहभागिता और सक्रियता से मिलेगी हमें टीबी से मुक्ति : कलेक्टर जयवर्धन




**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )-** जिला चिकित्सालय सूरजपुर के ऑडिटोरियम में विश्व क्षय दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 2023 में घोषित टीबी मुक्त पंचायतों को प्रशस्ति पत्र और महात्मा गांधी की कांस्य प्रतिमा जिला कलेक्टर श्री एस जयवर्धन और जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्रमणि पैंकरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष रेखा राजवाड़े, जनपद पंचायत सूरजपुर की अध्यक्ष स्वाती संत सिंह, जनपद पंचायत सूरजपुर के उपाध्यक्ष मानभद्र, श्री ओमकार पाण्डेय व अन्य संबंधित की उपस्थिति में पंचायत के जनप्रतिनिधियों और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को दिया गया। जिन पंचायतों ने टीबी मुक्त पंचायत के मापदंडों और सूचकांकों को भली-भांति समझ कर कार्य किया और मापदंडों पर खरा उतरता उसका नाम जनपद पंचायत द्वारा प्रस्तावित किया जाता है। उन सभी पंचायतों को सत्यापन के बाद टीबी मुक्त पंचायत का अवार्ड दिया गया। इसके साथ 33 नि-क्षय मित्र, और स्वास्थ्य कर्मचारियों को भी कलेक्टर श्री एस जयवर्धन ने प्रशस्ति पत्र देकर उनका मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि टीबी फेफड़ों को प्रभावित करने वाला एक संक्रामक रोग है। लोगों को इसके लक्षणों, जांच और उपचार के प्रति जागरूक करना बेहद आवश्यक है। इसके जानकारी के अभाव में लोग लापरवाह हो जाते हैं जिनसे उनकी मृत्यु तक हो जाती है। इस दौरान उन्होंने जिले में टीबी जैसे संक्रामक रोग के उन्मूलन के लिए सभी विभागों सहित आमजनों को एकजुट होकर कार्य करने की अपील की है। उन्होंने टीबी को एक चुनौती मानते हुए सामाजिक और आर्थिक विकास में बाधा बताया। उन्होंने कहा कि जिले से टीबी का शत प्रतिशत उन्मूलन करने के लिए हम सभी को मिलकर इसके खिलाफ कार्य करना होगा। इसके लिए उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारीयों एवं कर्मचारियों को विशेष रूप से कार्य करते हुए जागरूकता अभियान चलाने के लिए कहा। साथ हीं उन्होंने बताया कि टीबी की रोकथाम के लिए शासन द्वारा प्रभावी और सस्ती स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई हैं। उन्होंने बताया कि सभी सरकारी अस्पतालों में टीबी की नि:शुल्क जांच और इलाज की सुविधा है। जिसका लाभ समाज के सभी वर्ग लें।

कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर भी उपस्थित थे। उन्होंने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि टीबी बीमारी के प्रति जनजागरुकता के अभाव में लोगों की मृत्यु हो जाती है। उन्होंने कहा कि इस बीमारी को दवा के द्वारा पूरी तरह से ठीक किया जा सकता है। हमें इसके लिए वृहद अभियान चलाने की आवश्यकता है। हमें स्कूल, कॉलेजों सहित सार्वजनिक स्थानों पर टीबी बीमारी इसके लक्षणों और इसके इलाज को लेकर लोगों को निरन्तर जागरूक करना होगा।

कार्यक्रम में उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष चन्द्रमणि पैकरा ने कहा कि स्वास्थ्य समाज के निर्माण में ग्रामपंचायतों की अहम् भूमिका है जनप्रतिनिधियों का सहयोग और समर्थन से सूरजपुर जिला प्रदेश में अव्वल रहेगा। हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी की स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों का मनोबल कही से कम न हो । आज इनके प्रयास और अथक परिश्रम के बदौलत जिले में 86 पंचायतें टीबी फ्री हो रही है। जिला कलेक्टर एस जयवर्धन ने कहा कि स्वास्थ्य सूचकांकों में सूरजपुर जिला प्रदेश में पीछे न रहे इसके लिए समन्वय बनाकर कार्य करना होगा। जहां कहीं भी कठिनाई आये हम मिलजुल कर समाधान निकालेंगे। जनपद पंचायत सूरजपुर के अध्यक्ष स्वाती संत सिंह ने कहा कि टीबी मुक्त पंचायत व्यक्ति और समाज दोनों को लाभ है। कार्यक्रम के प्रथम चरण में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ कपीलदेव पैकरा ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि टीबी मुक्त भारत के सपनों को साकार करने के लिए हम सभी को आगे आना होगा। आम जनता में टीबी पंचायत के लाभ को बताना होगा। जब-जब ग्रामसभा हो इस विषय पर चर्चा करे अवश्य सफ्लता मिलेगी। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक प्रशांत सिंह ठाकुर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष रेखा राजवाड़े जनपद उपाध्यक्ष मनभद्र जी ने भी अपने विचार रखे।

# समय सीमा बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की



**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )-** कलेक्टर एस. जयवर्धन ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली एवं विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने विभागवार समय सीमा के लंबित प्रकरणों एवं प्राप्त शिकायतों का विस्तार से समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ इस दौरान उन्होंने कुदरगढ़ महोत्सव की तैयारी को लेकर भी सम्बंधित अधिकारियों से चर्चा की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू, अपर कलेक्टर श्री जगन्नाथ वर्मा, डिप्टी कलेक्टर सहित सर्व एस डी एम एवम समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

समीक्षा के साथ विभागीय कार्यों की समीक्षा भी की। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कार्ययोजना अनुरूप कार्य में तेजी लाने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम, सिकल सेल एनीमिया, जन औषधि केंद्रों, सहित स्वास्थ्य विभाग की अन्य योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था की ली और आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जिले के सभी छात्रावासों में सुविधाएं बेहतर करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

इस अवसर पर उन्होंने कृषि एवं संबंधित विभागों के अंतर्गत चल रही योजनाओं के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जिले में निर्माण कार्य में लगी विभागों पी डब्लू डी, जल संसाधन और पी एच ई अंतर्गत योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए हैं।

इसके अलावा उन्होंने जल जीवन मिशन, जल शक्ति अभियान, सुरक्षित मातृत्व अभियान, वय वंदना योजना का जायजा लिया। उन्होंने आंगनबाड़ी की स्थिति, बच्चों में कुपोषण की स्थिति की जानकारी ली। आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वच्छ पेय जल आपूर्ति , पोषण का स्तर और बेहतर करने के निर्देश दिए। शत प्रतिशत हितग्राहियों का आधार कार्ड और आयुष्मान कार्ड बनवाने एवं अद्यतन करवाने के निर्देश दिए। सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग से चर्चा के दौरान उन्होंने आश्रमों और विद्यालयों में बच्चों को उपलब्ध कराए जा रहे सुविधाओं को और बेहतर करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने बच्चों की सुरक्षा के लिए आश्रमों एवम विद्यालयों में विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए। इसके अलावा खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग से धान उठाव और चावल जमा की जानकारी ली।

इसके अलावा इस दौरान नशामुक्त अभियान को लेकर भी चर्चा की गई । इस सम्बन्ध में कलेक्टर श्री एस जयवर्धन ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्यालय परिसर से 100 मीटर की दायरे में किसी भी प्रकार का नशीला पदार्थ, गुटका, तंबाखू के बेचने पर कड़ा प्रतिबंध लगाया जाए अन्यथा जिम्मेदार पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। साथ ही नशामुक्ति के लिए सभी स्कूल विद्यालयों में नशामुक्ति अभियान को नियमित अंतराल पर चलाने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए।

# कांग्रेस पार्षद किशोर दिवाकर ने पार्टी सदस्यता से दिया इस्तीफा

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कटघोरा नगर पालिका में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर कब्जा जमाने वाली कांग्रेस को संगठन स्तर पर एक और बड़ा झटका लगा है। वार्ड क्रमांक 03 आंबेडकर नगर से कांग्रेस के पार्षद किशोर दिवाकर ने पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है, जिससे शहर की राजनीति में हलचल मच गई है। किशोर दिवाकर पहले निर्दलीय पार्षद थे, लेकिन 2023 के निकाय चुनाव में कांग्रेस ने उन्हें अपना अधिकृत प्रत्याशी बनाया, और उन्होंने भाजपा के उम्मीदवार टीकम राजपाल को बड़े अंतर से हराया। अब कांग्रेस छोड़ने का फैसला कर उन्होंने अपना त्यागपत्र शहर कांग्रेस अध्यक्ष राजीव लखनपाल को भेज दिया है। इससे पहले, वार्ड क्रमांक 01 की पार्षद राजेश्वरी जात्रा भी कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गई थीं। उन्हें इस बार कांग्रेस ने टिकट नहीं दिया था, जिसके चलते उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ा और जीत दर्ज की। बाद में भाजपा ने उन्हें अपने पाले में कर लिया। इसी तरह, वार्ड 11 के पूर्व पार्षद अशफ़ाक अली भी भाजपा में शामिल हो चुके हैं। अब कयास लगाए जा रहे हैं कि किशोर दिवाकर भी भाजपा में शामिल हो सकते हैं।

# दिव्यांगजनों को प्रदाय किया गया ट्राय सायकल



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )-**अस्थिबाधित दिव्यांगजनों को ट्रायसायकल जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चन्द्रमणी पैकरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती रेखा राजवाडे, श्री देवपाल पैकरा, श्री राजलाल राजवाड़े, जनपद सूरजपुर उपाध्यक्ष श्री मनमत बछार के द्वारा प्रदाय किया गया है। ग्राम पंचायत-बेलटिकरी, जनपद पंचायत-सूरजपुर, के श्री मुन्ना राम, आ0 श्री बलजीत, एवं ग्राम पंचायत-उमापुर जनपद पंचायत-रामानुजनगर के श्री हुकुम साय, आ0 श्री बकस राम ने ट्रायसायकल के लिए समाज कल्याण विभाग विभाग में आवेदन किया था। आवेदन पर त्वरित कार्यवाही करते हुए आज जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चन्द्रमणी पैकरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती रेखा राजवाड़े के माध्यम से उनके द्वारा मांगे गये उपकरण उपलब्ध कराये गये है। ट्रायसायकल प्राप्त करने के पश्चात आवेदक ने खुशी जाहिर की एवं जिला प्रशासन को

# विकसित भारत युवा संसद महोत्सव का भव्य आयोजन



**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार )-**भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में ''विकसित भारत युवा संसद महोत्सव 2025'' का आयोजन देशभर के 300 से अधिक जिलों में किया जा रहा है। जिसमें वन वोट वन नेशन विषय पर आज शासकीय रेवती रमण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय सूरजपुर में इस भव्य आयोजन का दो दिवसीय कार्यक्रम प्रारंभ हुआ, जिसमें अलग अलग जिलों से चुन कर युवा प्रतिभागी शामिल हुए।

आज प्रथम दिवस उद्घाटन समारोह में अथिति के रूप में कुलपति संत श्री गहीरा गुरु विश्वविद्यालय अंबिकापुर सरगुजा प्रोफेसर श्री पी पी सिंह, श्रीमती चंद्रमणि पैकरा अध्यक्ष जिला पंचायत श्री भीमसेन अग्रवाल भूतपूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम, श्री बाबूलाल अग्रवाल अध्यक्ष रेड क्रॉस सोसाइटी, स्वाति सिंह जनपद पंचायत अध्यक्ष सूरजपुर श्री अशोक सिंह ज्यूरी मेंबर श्री शैलेश गोयल उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद सूरजपुर श्री शशिकांत गर्ग एवं श्री यशवंत सिंह जन भागीदारी अध्यक्ष सहित महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एच एन दुबे शामिल रहे। इस कार्यक्रम में तीन जिलों, सूरजपुर, कोरिया एवं महेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर से चयनित युवा प्रतिभागियों ने भाग लिया और ''एक राष्ट्र, एक चुनाव'' विकसित भारत का मार्ग प्रशस्त विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। युवा संसद महोत्सव का उद्देश्य युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों को बढ़ावा देना, उनकी सोच को राष्ट्रहित की दिशा में प्रेरित करना और नीति निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा, ष्युवा शक्ति ही राष्ट्र निर्माण की नींव होती है। इस प्रकार के आयोजनों से न केवल उनकी राजनीतिक समझ बढ़ती है, बल्कि वे सामाजिक उत्तरदायित्व को भी बेहतर तरीके से समझ पाते हैं। इस अवसर पर विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार साझा किए और युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

# शासकीयकरण की मांग को लेकर सचिवों द्वारा आठवे दिन भी हड़ताल जारी

## हमारी हड़ताल सबका साथ सबका विकास प्रधानमंत्री मोदी जी के घोषणाओं की गारंटी के अनुरूप

**गोपाल सिंह विद्रोही**



सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार ) - शासकीयकरण की मांग को लेकर पिछले 17 मार्च से जिले भर के 396 पंचायत सचिव अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। जिससे सूरजपुर जिला के साथ-साथ पूरे प्रदेश के ग्राम पंचायतों का कामकाज पूरी तरह ठप है जिससे ग्राम पंचायतवासी परेशान नजर आ रहे है। पंचायत सचिव धरना प्रदर्शन कर रहे है। इधर पंचायत सचिवों ने शासन के काम पर लौटने के आदेश की प्रतियां को होली जलाकर नाराजगी व्यक्त की है साथ ही शासन के इस तुगलक की फ़रमान से काफी आक्रोशित नजर आ रहे हैं जिससे पंचायत सचिव आगामी एक अप्रैल को मंत्रालय का घेराव करेंगे।

उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत सचिवों का शासकीय करण किये जाने की मांग को लेकर 17 मार्च से राज्यभर के पंचायत सचिव अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। जिला मुख्यालय में पंचायत सचिव धरना प्रदर्शन कर रहे है। इसकी वजह से पंचायतों में कामकाज ठप होने की वजह से ग्रामीण परेशान है। इधर प्रियंका ऋषि महोबिया संचालक पंचायत संचालनालय छत्तीसगढ़ ने प्रदेश के सभी जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को पत्र प्रेषित कर आदेश दिया है कि ग्राम पंचायत के सचिवों द्वारा 12 मार्च से हड़ताल किया जा रहा है जिससे पंचायत का कार्य प्रभावित है उन्हें 24 घंटे के भीतर हड़ताल समाप्त कर अपने कर्तव्य पर लौटे अन्यथा अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

**सचिवों ने शासन के आदेश की होली जलाई**

**बोले भूख नहीं अधिकार चाहिए-** उक्त सरकारी आदेश से नाराज हड़ताली पंचायत सचिवों ने सरकारी आदेश की प्रतियों को जलाकर विरोध प्रदर्शन करते हुए नाराजगी का इजहार किया। सचिवों ने सरकार पर दमनकारी नीति अपनाने का आरोप लगाया और आगे भी प्रदर्शन जारी रखने का ऐलान किया है। छत्तीसगढ़ पंचायत सचिव संघ के जिला अध्यक्ष इंद्रपाल तिवारी व जिला सचिव वीरेंद्र कुशवाहा ने कहा कि वे सचिवों का शासकीयकरण की मांग को लेकर हड़ताल पर है। चुनाव के वक्त उनकी यह मांग प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी जी की गारंटी में शामिल थी, लेकिन सरकार बनने के 17 महीने बीत जाने के बाद भी उस गारंटी पर अमल नहीं हो रहा है। जिसके कारण सचिवों में नाराजगी है और नाराज सचिव सरकार से आर पार की लड़ाई के मूड में है। उधर शासन ने अपने निर्देश के पालन न करने पर हड़ताली सचिवों के खिलाफ अनुशासनात्मक करवाई की चेतावनी दी गई है।

## संक्षिप्त समाचार

# राष्ट्रीय जलमिशन अतंर्गत नव निर्वाचित संरपंचो को कराया गया शपथ ग्रहण



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )-** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती कमलेश नन्दनी साहू के मार्गदर्शन एवं उप संचालक पंचायत के निर्देशानुसार, जिला पंचायत संसाधन केन्द्र सूरजपुर में नवनिर्वाचित सरपंचों का उन्मुखीकरण परिचयात्मक प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान संकाय सदस्य श्री निरोज सिंह के द्वारा नवनिर्वाचित सरपंचों का राष्ट्रीय जल जीवन मिशन का ''कैच द रैन'' अभियान के क्रियान्वयन के संबंध में अवगत कराया गया है कि जल शक्ति अभियान के अन्तर्गत ''जल संचय जन भागीदारी-जन जागरूकता की ओर'' एवं ''जल जंगल एक प्रकृति अभियान'' का आरंभ 22 मार्च से 30 नवम्बर 2025 तक चलाया जाना है। उक्त अभियान के अन्तर्गत जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन, जल निकायों का जियो टैगिंग, वैज्ञानिक संरक्षण योजनाएं तथा सभी जनपद पंचायतों में जल शक्ति केन्द्रों की स्थापना जागरूकता अभियान आदि सम्मिलित है। इस संबंध में राष्ट्रीय जल मिशन पर निर्वाचित सरपंचों का शपथ ग्रहण कराया गया। हम सब मिलकर जल आंदोलन को जन आन्दोलन बनाने की बात कही गयी।

# कुदरगढ़ महोत्सव पर जिला स्तरीय रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता, खूब खेलबो नशा से दूर रहबो उद्देश्य को लेकर हो रहा है आयोजन




**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार)-** कुदरगढ़ महोत्सव के अंतर्गत जिला स्तरीय रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन आगामी माह के 2 से 4 अप्रैल 2025 तक कुदरगढ़ में किया जाएगा। यह प्रतियोगिता जिले के खेल प्रेमियों के लिए रोमांचक अवसर प्रदान करेगी। प्रतियोगिता में सूरजपुर जिले की कुल 20 टीमें भाग लेंगी, जिनमें विकासखंड स्तर से चयनित टीमें भी शामिल होंगी। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के लिए कोई आयु सीमा निर्धारित नहीं की गई है, जिससे सभी आयु वर्ग के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे।

''खूब खेलबो, नशा ले दूर रहबो'' इस संदेश के साथ प्रतियोगिता का आयोजन स्वस्थ खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा है। प्रतियोगिता में विजेता टीम को 21,000 रू. उपविजेता टीम को 15,000 रू. तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 11,000 रू. की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। साथ ही खिलाड़ियों को व्यक्तिगत पुरस्कार के रूप में बेस्ट रेडर, बेस्ट डिफेंडर एवं बेस्ट ऑलराउंडर की ट्रॉफी भी दी जाएगी।

इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए इच्छुक टीमों को 29 मार्च 2025 शाम 5 बजे तक अपना पंजीयन कराना अनिवार्य है। इस प्रतियोगिता का आयोजन जिला प्रशासन एवं कुदरगढ़ न्यास समिति, जिला सूरजपुर (छ.ग.) द्वारा किया जा रहा है जिसमें खिलाड़ियों की सहायता और अधिक जानकारी हेतु विकासखंडवार प्रेमसिंधु मिश्र (प्रतापपुर) 9826308123, सत्यदेव सिंह (प्रेमनगर)9575185781, सुनिल साहू(रामानुजनगर) 7000957078, संजय यादव (भैयाथान)9340016510, प्रभाशंकर प्रसाद (सूरजपुर) 7067019738, बिजेंद्र कुमार सिंह (ओड़गी) 9926003537. से संपर्क किया जा सकता है।

दैनिक
विश्व परिवार

विचार-पक्ष

रायपुर मंगलवार 25 मार्च 2025

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com



## संपादकीय

# एक और जज्बाती मुद्दा

स्टालिन की पहल के साथ लेफ्ट शासित केरल, कांग्रेस शासित कर्नाटक एवं तेलंगाना, आम आदमी पार्टी शासित पंजाब, और उड़ीसा की विपक्षी पार्टी बीजू जनता दल भी जुड़ गए हैं। पश्चिम बंगाल की टीएमसी भी कई मुद्दों पर उनके साथ है। भाषा, परिसीमन, और नई शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत राज्यों की स्वायत्तता के कथित हनन की शिकायत को जोड़ कर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन केंद्र के खिलाफ विपक्षी लामबंदी करने में सफल होते दिख रहे हैं। मकसद बेशक अगले चुनावों के मद्देनजर सियासी गोलबंदी है, फिर भी भाषा जैसे जज्बाती प्रश्नों में छिपी शक्ति को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। धर्म और जाति केंद्रित गोलबंदी की राजनीति ने देश को पहले ही भटका रखा है। अब भाषा और प्रादेशिक पहचान के मुद्दों पर बढ़ रहे तनाव से एक और गंभीर चुनौती खड़ी होती दिख रही है। स्टालिन की पहल के साथ लेफ्ट शासित केरल, कांग्रेस शासित कर्नाटक एवं तेलंगाना, आम आदमी पार्टी शासित पंजाब, और उड़ीसा की विपक्षी पार्टी बीजू जनता दल भी जुड़ गए हैं। पश्चिम बंगाल में सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस भी कई मुद्दों पर उनके साथ है। 22 मार्च को चेन्नई में आयोजित विपक्षी बैठक में इस लामबंदी का अगला एजेंडा जाहिर होगा। बहरहाल, यह साफ है कि केंद्र में सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी ने सत्ता के केंद्रीकरण एवं अपने वैचारिक एजेंडे को लागू करने का जो उत्साह दिखाया है उस पर कई सियासी हलकों में विपरीत प्रतिक्रिया उभर रही है। इसलिए यह सही वक्त है, जब इस मसले को गंभीरता से लिया जाए। भाषा और एनईपी के मुद्दों पर भरोसे का माहौल बनाने की जरूरत है। परिसीमन पेचीदा सवाल है। लोकसभा में आबादी की संचरना का प्रतिनिधित्व ना हो, तो उससे सदन का लोकतांत्रिक चरित्र प्रभावित होता है। इसीलिए संविधान में राज्यसभा की कल्पना राज्यों के सदन के रूप में की गई थी। मगर राजनीतिक दलों ने इसे जनता का सामना करने के अनिच्छुक नेताओं तथा निहित स्वार्थों के प्रतिनिधियों का सदन बना दिया। अब इस सारे घटनाक्रम पर पुनर्विचार की जरूरत है। गौरतलब है कि अमेरिका में प्रतिनिधि-सभा में राज्यों को आबादी के अनुपात में, लेकिन सीनेट में हर राज्य को बराबर- दो सीटें देकर ऐसी समस्या का हल निकाला गया है। क्या वर्तमान भारतीय राजनीतिक नेतृत्व में ऐसा अभिनव समाधान निकालने की इच्छाशक्ति है? निर्विवाद है कि देश के दीर्घकालिक हित में ऐसा करना आवश्यक हो गया है।

# अमेरिका अब आसरा नहीं रहा...

**शशि शेखर**

'जब आप शैतान से कोई समझौता करते हैं, तो वह अपना बकाया वसूलने पलटकर जरूर आता है।' काश! तीन बरस पहले अमेरिका के भरोसे रूस को आंखें दिखाते वक्त वोलोदिमीर जेलेंस्की को यह सीख याद आई होती, तो आज उनकी और उनके देशवासियों की यह दुर्दशा न होती। यूक्रेन के लोग रूस और अमेरिका, दोनों के छल का शिकार हुए हैं, लेकिन आज की चर्चा अमेरिका के बदले रुख-रवैये पर। इसने समूची दुनिया को झिंझोड़कर रख दिया है। गई 5 मार्च को 'एड्रेस टु द नेशन' में ट्रंप ने कहा कि मेक्सिको, कनाडा और चीन के बाद वह अब भारत, ब्राजील सहित कई देशों पर उतना ही सीमा शुल्क लागू करेंगे, जितना वे अमेरिका से वसूलते रहे हैं। उम्मीद के अनुरूप इन देशों ने तत्काल पलटवार किया और शेयर बाजारों में इसकी विपरीत प्रतिक्रिया हुई। विश्व भर के निवेशकों को अपने अरबों डॉलर डूबते नजर आने लगे। इससे मची चिल्ल-पों से सकते में आए डोनाल्ड ट्रंप ने तीन देशों पर थोपे गए कर-युद्ध को 2 अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दिया है, पर कयास कायम है, बकरे की मां भला कब तक खैर मनाएगी? यही वजह है कि तमाम अर्थशास्त्री मुनादी कर रहे हैं कि ट्रंप साहब यदि 2 अप्रैल को अपनी जिद पूरी कर लेते हैं, तो दुनिया के बाजार मंदी की मार से बेहाल हो जाएंगे। मंदी आएगी या नहीं, आएगी तो कितनी और कब तक उसका कहर कायम रहेगा? इन सवालों के निश्चित जवाब भविष्य के गर्भ में हैं, लेकिन इतना तय है कि आने वाले महीने निम्न मध्यवर्ग और निचले तबकों पर भारी पड़ने वाले हैं। अप्रैल में अगर कर-युद्ध शुरू हो गया, तो महंगाई नई पींगें भर सकती है। अब तक व्यापारिक संरक्षणवाद की मुखालफत करने वाले अमेरिका का यह रवैया क्या संरक्षणवाद को आगे बढ़ाने वाला नहीं है? ट्रंप को नजदीक से जानने वाले उन्हें हमेशा से संरक्षणवादी और साम्राज्यवादी मानते हैं। उन्होंने जिस तरह मेक्सिको खाड़ी का नाम बदलकर अमेरिका की खाड़ी करने के लिए दबाव बनाया, क्या वह उनकी साम्राज्यवादी सोच को उजागर नहीं करता है? इससे पहले वह कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने



और ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की धौंस दे चुके हैं। जस्टिन ट्रूडो को यदा-कदा कनाडा का गवर्नर बताते हुए उनकी खिल्ली उड़ाना भी यही जाहिर करता है। यहां सवाल उठना लाजिमी है कि क्या ट्रंप कनाडा और ग्रीनलैंड पर कोई सामरिक कार्रवाई करने का साहस करेंगे? अगर आंशिक तौर पर भी ऐसा होता है, तो फिर चीन को ताइवान और भारत को पाक अधिकृत कश्मीर संबंधी अपनी आकांक्षा पूरी करने से कौन रोक सकता है? आप चाहें, तो यहां भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर के इस बयान पर नजर डाल सकते हैं। लंदन के चैथम हाउस में एक पाकिस्तानी पत्रकार के सवाल के जवाब में जयशंकर ने कहा, 'मुझे लगता है कि हम जिस चीज का इंतजार कर रहे हैं, वह कश्मीर के चुराए गए हिस्से की वापसी है, जो अवैध पाकिस्तानी कब्जे में है। जब यह वापसी हो जाएगी, तो मैं आपको आश्वासन देता हूं कि कश्मीर समस्या का समाधान हो जाएगा। हालांकि, दुनिया के निजाम में दरकन का आरंभ सन् 1991 में उसी वक्त हो गया था, जब इराक पर अमेरिका और उसके मित्र देशों ने हमला बोल दिया था। उस समय संयुक्त राष्ट्र संघ सहित दुनिया के तमाम संगठनों ने इन ताकतवर देशों के सामने घुटने टेक दिए थे। कुछ बरस बाद अफगानिस्तान में यही खूनी खेल दोहराया गया। दोनों ही देशों में स्थानीय जनता से लोकतंत्र, समता और बंधुत्व के तमाम वायदे किए गए, लेकिन अपना मतलब निकल जाने के बाद उन्हें अधर में छोड़कर अमेरिकी फौजें स्वदेश कूच कर गईं। अफगानिस्तान में तो तालिबान ने सात हजार से अधिक उन दुभाषियों को मार डाला, जो मित्र देशों की फौज को भाषायी सहायता मुहैया कराते थे। इनमें से बहुतों को अमेरिकी नागरिकता का प्रलोभन भी दिया गया था। बाद में यूक्रेन पर रूस के हमले और इजरायल के गाजा नरसंहार से यह तय हो गया कि ये विश्व संस्थाएं, जो 1945 से अब तक अमेरिकी सरपरस्ती में स्वतंत्रता, संप्रभुता और मानवीय गरिमा के पक्ष में काम कर रही थीं, दम तोड़ रही हैं। वैसे भी, ट्रंप की अगुवाई वाला अमेरिका अब एक-एक करके ऐसी तमाम संस्थाओं से मुक्ति पाना चाहता है, जो उसकी अकूत सामरिक और आर्थिक इमदाद से चल रही हैं। कोई आश्चर्य नहीं है कि जिन मित्र देशों ने अमेरिका का द्वितीय विश्व युद्ध से अब तक साथ दिया, वे आज ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। पिछले दिनों अमेरिकी उप-राष्ट्रपति ने म्युनिख सुरक्षा सम्मेलन के दौरान जिस तरह यूरोपीय शीर्ष नेताओं को उनके मुंह पर खरी-खोटी सुनाई, वह विश्व कूटनीति के जानकारों के लिए अचंभा था। उम्मीद के अनुरूप इसकी कड़ी प्रतिक्रिया हुई। इसके बाद व्हाइट हाउस में फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के साथ ट्रंप की नोकझोंक भी अभूतपूर्व थी।

पिछले हफ्ते यूक्रेन के सदर वोलोदिमीर जेलेंस्की को जिस अंदाज में जलील कर 'ओवल ऑफिस' से बाहर निकाला गया, उसे इतिहास उन पन्नों में दर्ज करेगा, जहां मेमनों के प्रति भेड़ियों के निर्मम व्यवहार की गाथाएं लिखी हुई हैं। कीव लौटकर मजबूर जेलेंस्की ने ट्रंप के समक्ष समर्पण कर दिया। अब यूक्रेन की खनिज संपदा पर अमेरिका का भी हक होगा। सवाल उठ रहे हैं कि क्या समझौते के बाद रूस कब्जा की हुई जमीन यूक्रेन को वापस लौटाएगा? यदि लौटाएगा, तो कितनी? अगर मॉस्को की हुकूमत यूक्रेन के 20 फीसदी हिस्से पर भी कायम रह बचती है, तो क्रीमिया को यूक्रेन से अलग करने के बाद यह रूसी साम्राज्यवाद की दूसरी विजय होगी। ऐसे में, सवाल उठना लाजिमी है कि तीन वर्ष की इस जानलेवा जंग का हासिल क्या रहा? क्यों 43,000 से ज्यादा यूक्रेनी सैनिकों ने जान गंवाई और लाखों लोगों को जलालत और जलावतनी का शिकार होना पड़ा? यूक्रेन की इस जंग में अमेरिका के साथ यूरोप के देश भी आहुति दे रहे थे। इन घटनाओं ने इस महाद्वीप को झिंझोड़कर रख दिया है। यह एक खुला तथ्य है कि इराक और अफगानिस्तान के सैन्य अभियानों में नाटो की मदद से अमेरिका दुनिया में अपनी चौधराहट को कायम रख सका। अफगानिस्तान में उसके अगर 2,400 से अधिक फौजी शहीद हुए, तो ब्रिटेन, कनाडा, जर्मनी, फ्रांस और इटली के 1,100 से अधिक जवानों ने अपनी बलि चढ़ाई। आज जब इनको धमकाया जा रहा है, तो सवाल उठता है कि भला इनकी इराक और अफगानिस्तान से क्या दुश्मनी थी? यूरोप को यह भी मलाल है कि उसने मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में भले ही अपनी साख को कायम रखा, पर 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' के मामले में उन्होंने अमेरिका के लिए खुला मैदान छोड़कर भारी भूल की। अब वे अपनी तमाम गफ्लतों से मुक्ति पाने के उपाय खोज रहे हैं। तय है, हम एक नई विश्व-व्यवस्था की ओर बढ़ रहे हैं, जिसमें जानलेवा क्षेत्रीय संघर्षों, बगावतों और दहशतगर्दी की प्रवृत्तियों में इजाफा हो सकता है। इससे हथियारों की होड़ बढ़ेगी और जन-कल्याण पर खर्च होने वाले धन में कटौती होगी। ऐसे में, सवाल उठना लाजिमी है कि क्या 1990 के दशक से स्थापित हुए अमेरिकी शैली के पूंजीवाद का यही हासिल है?

## आलेख

# सब तहस नहस का अभियान

**हरिशंकर व्यास**

लंबे समय तक भारत की विकास गाथा महाराष्ट्र की विकास गाथा रही है। लेकिन आज जिस तरह से भारत गाथा यानी इंडिया स्टोरी दिशाहीन दिख रही है वैसे ही महाराष्ट्र की भी दिख रही है। फर्क यह है कि जहां तक भारत गाथा के दिशाहीन होने का सवाल है तो वह गलत नीतियों और नासमझी से है लेकिन महाराष्ट्र के दिशाहीन होने के पीछे एक सुविचारित योजना दिख रही है। ऐसा लग रहा है कि योजनाबद्ध तरीके से महाराष्ट्र की राजनीति, समाज व्यवस्था और अर्थव्यवस्था को अस्थिर करने का प्रयास हो रहा है। पिछले एक दशक से कुछ ज्यादा समय में महाराष्ट्र में जो कुछ भी हुआ है या हो रहा है उसकी लाभार्थी भाजपा है और पड़ोसी राज्य गुजरात है। आने वाले दिनों में भी अगर महाराष्ट्र में अस्थिरता और तनाव बना रहता है तो उसका लाभ गुजरात को ही मिलेगा। महाराष्ट्र को किस तरह से दिशाहीन और अस्थिर किया गया है इसकी कई मिसालें हैं। शुरुआत मौजूदा सांप्रदायिक विवाद से कर सकते हैं। यह अनायास नहीं हुआ है कि समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी ने औरंगजेब का मुद्दा छेड़ दिया। जिस समय उन्होंने औरंगजेब को दयालु और अच्छा शासक बताया उस समय महाराष्ट्र विधानसभा का सत्र चल रहा था। सरकार बीड के एक लोकप्रिय सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के मामले में घिरी थी। उस मामले में राज्य सरकार के तत्कालीन मंत्री धनंजय मुंडे के करीबी सहयोगियों के शामिल होने की खबरें सामने आ चुकी थीं। उस घटना के भयावह वीडियो और तस्वीरें भी सामने आईं, जिनकी वजह से मुंडे को इस्तीफा देना पड़ा। तब कहा गया कि विधानसभा में बीड की हत्या और मुंडे के मसले पर ज्यादा विवाद न हो इसलिए औरंगजेब का मुद्दा उठवा दिया गया। औरंगजेब का मुद्दा उठने के बाद दो दिन तक सदन में उसकी चर्चा होती रही। फिर अबू आजमी पर मुकदमा हुआ और उनकी माफी हुई। इसके बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने कहा कि औररंगजेब की कब्र हटा देनी चाहिए लेकिन अफसोस की बात है कि कांग्रेस ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण यानी एएसआई के जरिए उसे संरक्षित कर दिया है। मुख्यमंत्री के यह कहने के बाद औरंगजेब की कब्र के खिलाफ मुहिम छिड़ गई। उनके अपने चुनाव क्षेत्र नागपुर में भारी सांप्रदायिक दंगे हुए। सो महाराष्ट्र में स्थायी तनाव और उबाल बन गया है, जिससे निवेश का माहौल प्रभावित होगा। अब महाराष्ट्र निवेशकों की पसंदीदा जगह नहीं है। उन्हें महाराष्ट्र से बेहतर गुजरात में मिल रहा है, जिसके बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दिनों अमेरिकी पॉडकास्टर लेक्स फ्रीडमैन को कहा कि 2002 से पहले गुजरात में ढाई सौ दंगे हुए थे लेकिन उसके बाद से स्थायी शांति है। उस स्थायी शांति की वजह से निवेशक गुजरात की ओर जाएंगे। वैसे भी पहले से ही महाराष्ट्र की बड़ी परियोजनाएं गुजरात जा रही हैं। 2022 के गुजरात विधानसभा चुनाव से पहले एक के बाद एक कई परियोजनाएं महाराष्ट्र से हटा कर गुजरात ले जाई गईं, जिसमें एक सेमीकंडकर की परियोजना भी है। करीब डेढ़ लाख करोड़ रुपए के निवेश वाली सेमीकंडक्टर की परियोजना पहले गुजरात में लगने वाली थी, जिसे गुजरात शिफ्ट कर दिया गया। ताइवान की कंपनी फॉक्सकॉन के साथ वेदांता समूह की यह परियोजना है। इसी तरह टाटा और एयरबस की विमान बनाने की परियोजना को भी गुजरात ले जाया गया। यह भी कोई 60 हजार करोड़ रुपए की परियोजना है। पहले सरकारी स्तर पर प्रयास करके महाराष्ट्र की परियोजनाएं गुजरात ले जाई गईं और अब स्वाभाविक रूप से महाराष्ट्र में ऐसा माहौल बना है कि कारोबारी वहां की बजाय दूसरे राज्य का रुख करेंगे। इसके लिए पहले राजनीतिक अस्थिरता कायम की गई। महाराष्ट्र में भाजपा और शिव सेना का परफेक्ट सद्भाव था। लेकिन शिव सेना ब्रांड के हिंदुत्व की राजनीति को खत्म करने के लिए उसे तोड़ने या कमजोर करने का प्रयास पहले दिन से शुरू हो गया। भाजपा इस सोच में काम कर रही थी कि उसके अलावा हिंदुत्व की राजनीति करने वाली कोई पार्टी या कोई ताकत न रहे। उसको पता था कि बाल ठाकरे की विरासत लेकर राजनीति करने वाली शिव सेना हमेशा उसके लिए चुनौती है। इसलिए पहले शिव सेना में विभाजन कराया गया। फिर शरद पवार की पार्टी एनसीपी में टूट कराई गई। यानी हिंदुत्व की राजनीति करने वाली ताकत और मराठा राजनीति की ताकत दोनों को कमजोर किया गया। इससे राजनीतिक अस्थिरता बनी।

# रचनात्मकता की नई परिकल्पना: भारत का वेव्स शिखर सम्मेलन किस प्रकार वैश्विक मनोरंजन को नया रूप देगा

**चैतन्य प्रसाद (भारतीय सूचना सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी)**

प्रामाणिक कहानियों और रचनात्मक मनोरंजन की भूखी दुनिया में, भारत वैश्विक मीडिया परिदृश्य में क्रांति लाने के लिए पूरी तरह तैयार है। विश्व दृश्य-श्रव्य एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) महज मीडिया और मनोरंजन से जुड़ा एक हितधारक भर नहीं है - यह एक ऐसे परिवर्तनकारी दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करता है जो दुनिया भर में रचनाकारों, नीति-निर्माताओं और दर्शकों के कंटेंट के साथ जुड़ने के तौर-तरीके को नए सिरे से परिभाषित करेगा। आगामी 1-4 मई, 2025 को मुंबई में आयोजित होने वाला वेव्स, संभवतः सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा रचनाकारों के इकोसिस्टम के लिए शुरू की गई एक ऐसी बेहद दूरदर्शी पहल के रूप में उभर कर सामने आया है, जो मनोरंजन के वैश्विक मंचों के लिए एक नया स्वर्णिम मानक स्थापित करेगा। दशकों से भारत कहानी कहने की कला के क्षेत्र में एक महाशक्ति रहा है और अपनी फिल्मों, संगीत एवं डिजिटल कंटेंट के जरिए दुनिया को मंत्रमुग्ध करता रहा है। फिर भी, अपने विशुद्ध रचनात्मक सृजन के बावजूद, इस देश ने शायद ही कभी वैश्विक मनोरंजन उद्योग में भागीदारी की शर्तों को निर्धारित किया है। वेव्स उस कहानी को बदलना चाहता है। इसका नाता सिर्फ भारतीय रचनात्मकता को प्रदर्शित करने भर से नहीं है ङ्क इसका सरोकार मीडिया, मनोरंजन और प्रौद्योगिकी के इर्द-गिर्द होने वाली वैश्विक बातचीत को आकार देने से है। यदि दावोस आर्थिक नीति का केंद्र है और कान्स सिनेमा का मंदिर है, तो वेव्स का उद्देश्य नवाचार के सृजन और प्रमुख हितधारकों के सहयोग - कलात्मक प्रतिभा के संगम - के जरिए मनोरंजन के भविष्य को परिभाषित करना है। वेव्स का वास्ता सिर्फ बड़े फलक वाली रणनीति से नहीं है इसका संबंध रचनाकारों, व्यवसायों और निवेशकों के लिए वास्तविक अवसर उपलब्ध कराने से है। 'भारत पैवेलियन' भारत की कहानी कहने की विरासत का उत्सव मनाएगा। इसमें प्राचीन महाकाव्यों एवं लोककथाओं से लेकर एआई-संचालित कंटेंट और मोहित कर देने वाली डिजिटल कहानी कहने की कला तक के इसके विकास को दर्शाया जाएगा। इसके जरिए भारत द्वारा विश्व को बताया जा रहा है कि- हमारी कहानियां भले ही कालातीत हैं, लेकिन कहानी कहने की हमारी शैली अत्याधुनिक है। वहीं 'वेव्स बाज़ार', जो अपनी तरह का पहला सालोंभर खुला रहने वाला वैश्विक कंटेंट बाजार है, कंटेंट की खरीद, बिक्री और वितरण के तरीके को बदलने के लिए तैयार है। पारंपरिक समारोह-संचालित अधिग्रहण मॉडल से आगे बढ़ते हुए, यह डिजिटल-प्रथम प्लेटफॉर्म निरंतर वैश्विक लेनदेन को संभव बनाएगा। इससे भारत और अन्य देशों के रचनाकारों को हमेशा सक्रिय रहने वाले मुद्रीकरण इकोसिस्टम तक पहुंच हासिल होना यह सुनिश्चित होगा। हाल ही में ड्यून:पार्ट टू द्वारा भारत के महत्वपूर्ण वीएफएक्स योगदान के साथ सर्वश्रेष्ठ दृश्य प्रभाव के लिए 2025 का ऑस्कर जीतने जैसी सफलताओं, जो हमारी रचनात्मक क्षमता का उदाहरण है, को वेव्स वैश्विक मंच पर प्रदर्शित और पोषित करना चाहता है। लेकिन उद्योग जगत की सभी चर्चाओं से परे, जो चीज वेव्स को वास्तव में अलग बनाती है वह है इसका व्यापक दृष्टिकोण। यह एक बार का आयोजन नहीं है - यह भारत को मनोरंजन से जुड़े नवाचार के वैश्विक मुख्यालय के रूप में स्थापित करने की एक दीर्घकालिक रणनीति है। जैसे-जैसे वैश्विक मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग का आकार 2030 तक तीन ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का होने की ओर बढ़ रहा है, भारत एक आउटसोर्सिंग केन्द्र के रूप में नहीं बल्कि मनोरंजन के सृजन और उससे जुड़ी नीतिगत व निवेश के मामले में वैश्विक स्तर पर एक अग्रणी देश के रूप में उभरने की ओर अग्रसर है। इस शिखर सम्मेलन में कंटेंट के सृजन, वित्तपोषण, नीतिगत चर्चा और उभरती प्रौद्योगिकियों के मामले किया जाने वाला समन्वय इसे मनोरंजन के भविष्य का एक लॉन्चपैड बनाता है। शिखर सम्मेलन की महत्वाकांक्षा प्रतिभा को प्रदर्शित करने से आगे बढ़कर वैश्विक मीडिया संवाद के जरिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने तक फैली हुई है। इस कूटनीतिक पहल का उद्देश्य वास्तव में ऐसा वैश्विक इकोसिस्टम बनाना है जो भारत के नेतृत्व में विभिन्न देशों के रचनाकारों और उद्योग के हितधारकों को जोड़े। वैश्विक मीडिया संवाद ऐतिहासिक वेव्स घोषणा 2025 में परिणत होगा ङ्क जो वैश्विक मीडिया एवं मनोरंजन जगत के लिए एक ऐसा दूरदर्शी रोडमैप पेश करेगा जिससे मनोरंजन के एक स्थायी वैश्विक मंच की नींव रखा जाना संभव होगा। यह घोषणा मनोरंजन उद्योग की महत्वपूर्ण प्रवृत्तियों एवं चुनौतियों पर ध्यान देगी और एक ऐसे समावेशी ढांचे का प्रस्ताव करेगी, जो दुनिया भर के रचनाकारों को लाभान्वित करेगी। वेव्स की सबसे महत्वपूर्ण पहलों में से एक है 'वेवएक्सेलरेटर'। यह एक स्टार्टअप इनक्यूबेटर है, जिसे खास तौर पर रचनात्मक उद्यमियों के लिए डिज़ाइन किया गया है। एआई द्वारा सृजित कंटेंट, संवादात्मक मीडिया और वर्चुअल प्रोडक्शन के उदय के साथ, व्यवस्थित मार्गदर्शन (मेंटरशिप), वित्तपोषण (फंडिंग) और बाजार की सुलभता (मार्केट एक्सेस) की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है।

# न्यूजीलैंड से बढ़ती नजदीकी के मायने...

**विवेक काटजू**

उभर रही नई विश्व व्यवस्था में भारत और न्यूजीलैंड का एक-दूसरे के करीब आना खासा उल्लेखनीय है। सोमवार को नई दिल्ली में दोनों देशों के शासनाध्यक्षों की मुलाकात और रक्षा, खाद्य-प्रसंस्करण, दवा, अक्षय ऊर्जा और महत्वपूर्ण खनिजों में सहयोग बढ़ाने के समझौते संकेत हैं कि दोनों मुल्क विभिन्न अहम क्षेत्रों में संबंधों को नई ऊंचाई देने को उत्सुक हैं। यह अनायास नहीं है। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन 20 मार्च तक भारत में हैं और उनका यह दौरा कितना अहम है, यह इसी से पता चलता है कि नई दिल्ली व वेलिंगटन के बीच संबंध भले सदैव सौहार्दपूर्ण रहे हैं, लेकिन उनमें विशेष घनिष्ठता कभी नहीं रही। शीत युद्ध के दौरान भी जहां न्यूजीलैंड अमेरिकी खेमे का हिस्सा था, भारत गुट-निरपेक्षता की राह चल रहा था। न्यूजीलैंड चूंकि प्रशांत महासागर में स्थित है, इसलिए उसका ध्यान श्वेत देशों या फिर महासागरीय द्वीपों के साथ संबंधों की बेहतरी पर रहा है। भारत ने भी राजनीतिक व राजनयिक नजरिये से न्यूजीलैंड में कोई विशेष रुचि नहीं दिखाई थी। मगर बदले वैश्विक हालात ने दोनों को नजदीक ला दिया है। इसी कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा क्रिस्टोफर लक्सन को द्विपक्षीय दौरे का निमंत्रण देना राजनयिक दृष्टि से काफी सराहा गया है। 17 मार्च को लक्सन व मोदी की द्विपक्षीय बातचीत हुई और बाद में लक्सन ने 'रायसीना डॉयलॉग' का उद्घाटन भी किया। यहां अपने भाषण में उन्होंने भारत-न्यूजीलैंड के बीच राजनीतिक बातचीत बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के रक्षा संस्थानों के संबंध घनिष्ठ होने चाहिए और आर्थिक व कारोबारी रिश्ते को भी कहीं अधिक मजबूत बनाया जाना चाहिए। अपने भाषण में उन्होंने न्यूजीलैंड में रहने वाले अप्रवासी भारतीयों की भी प्रशंसा की और कहा कि वे न्यूजीलैंड की आबादी के छह प्रतिशत हैं एवं वहां के कई क्षेत्रों में अपनी अहम भागीदारी निभा रहे हैं। उल्लेखनीय यह भी है कि इससे एक दिन पहले ही दोनों देशों ने मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत फिर से शुरू करने की घोषणा की थी। वित्त वर्ष 2023-24 में दोनों राष्ट्रों ने 1.7 अरब डॉलर का कारोबार किया है। लक्सन के इस दौरे को राजनयिक और सामरिक, दोनों पहलुओं से देखना चाहिए। दोनों नेताओं की बातचीत के बाद जो संयुक्त बयान जारी हुआ है, उसमें यह स्पष्ट है कि भारत और न्यूजीलैंड अपने राजनीतिक, आर्थिक और सामरिक संबंध पहले से अधिक मजबूत



बनाना चाहते हैं। न्यूजीलैंड का एक मकसद अधिक से अधिक भारतीय छात्रों को अपने शैक्षणिक संस्थानों से जोड़ना भी है। ऐसे में, आने वाले दिनों में नजर इस बात पर बनी रहेगी कि दोनों प्रधानमंत्रियों की इन इच्छाओं को दोनों देशों के नौकरशाह और उद्योगपति कितना आगे बढ़ा पाते हैं? व्यापार क्षेत्र पर भी विशेष नजर होगी, क्योंकि दोनों देश मुक्त व्यापार समझौते पर सहमति बनाने की बात कह रहे हैं। इस द्विपक्षीय संबंध का बड़ा असर हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर पड़ सकता है। न्यूजीलैंड अमेरिका का मित्र देश है, लेकिन वह 'क्वाड' (जापान, ऑस्ट्रेलिया, भारत और अमेरिका का समूह) का हिस्सा नहीं है। असल में, वह हमेशा महाशक्ति देश के साये तले ही रहा है, जिसका असर भारत-न्यूजीलैंड रिश्ते पर भी पड़ा है। अब लक्सन चाहते हैं कि वह अपने देश की वैश्विक भूमिका बढ़ाएं। सामरिक मामलों को लेकर उनका यही मत है कि भारत व न्यूजीलैंड को अपने रिश्ते रक्षा के क्षेत्र में बढ़ाने चाहिए और दोनों देश के बीच, खासतौर से नौसेना में सहयोग बढ़ना चाहिए। न मोदी और न ही लक्सन ने चीन का जिक्र किया, लेकिन इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन का प्रभाव बढ़ रहा है, और जिस तरह क्वाड के देश बीजिंग के बढ़ते प्रभाव से चिंतित हैं, न्यूजीलैंड की पेशानी पर भी बल होंगे। इसीलिए, संयुक्त बयान में जोर देकर यह दोहराया गया कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र को समग्रता में खुला रखना चाहिए और किसी देश को यह हक नहीं कि वह इसका स्वरूप बदलने की कोशिश करे। हालांकि, यह कहना तो आसान है, पर चीन का बढ़ता दखल कोई छिपा रहस्य नहीं है। लिहाजा, वे तमाम देश, जो हिंद-प्रशांत में चीन की बढ़ती गतिविधियों से चिंतित हैं, उनको यह मानना ही होगा कि इस पूरे क्षेत्र में बीजिंग का दबाव बढ़ रहा है। न्यूजीलैंड यह जानता है कि प्रशांत महासागर के छोटे-छोटे द्वीपीय देशों को आर्थिक मदद देकर और वहां अपनी परियोजनाएं चलाकर चीन अपना प्रभाव बढ़ा रहा है। बेशक, कई देश चीन की इस विस्तारवादी नीति से नाराज हैं, लेकिन उनके पास इतने संसाधन नहीं हैं कि वे बीजिंग की इस कथित सहायता को नजरंदाज कर सकें। लिहाजा, क्वाड के देशों को ही आगे आना होगा और इनकी मदद करनी होगी। इसमें न्यूजीलैंड भी अपना योगदान दे सकता है। भारत-न्यूजीलैंड नए रिश्ते को इस तरह भी देखा जा सकता है कि भारत के संबंध अब उन देशों से मजबूत हो रहे हैं, जो अमेरिका का नेतृत्व स्वीकार करते हैं। यह अमेरिका में बदल रहे सियासी घटनाक्रम का नतीजा भी हो सकता है। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ऐसी नीतियां अपना रहे हैं, जिनसे पूरी दुनिया में हलचल मची हुई है।

# स्वस्ति धाम जहाज़पुर में दो दिवसीय जैन पत्रकार महासंघ का राष्ट्रीय अधिवेशन सम्पन्न

## बड़े तीर्थ छोटे तीर्थों को गोद में लेवें : स्वस्ति भूषण माताजी









**जहाजपुर भीलवाड़ा (विश्व परिवार)।** श्री 1008 दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र स्वस्ति धाम जहाजपुर भीलवाड़ा में परम पूज्य गणिनी आर्यिका रत्न 105 श्री स्वस्ति भूषण माताजी ससंघ के सानिध्य में 22-23 मार्च 2025 को दो दिवसीय जैन पत्रकार महासंघ का राष्ट्रीय अधिवेशन राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश जैन तिजारिया की अध्यक्षता में बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

जैन पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन ने अवगत कराया कि उक्त अधिवेशन में भारतवर्षीय दिगंबर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जम्बू प्रसाद जैन गाजियाबाद, महेंद्र कुमार जैन गुड वाले कोटा, पारस चैनल डायरेक्टर विनोद जैन टोरड़ी, श्रीमती उर्मिला गांधी पत्नी श्री हंसमुख गांधी इंदौर, बिजोलिया तीर्थ क्षेत्र कमेटी के मंत्री नरेंद्र जैन बिजौलिया, स्वस्ति धाम क्षेत्र कमेटी के महामंत्री ज्ञानेंद्र जैन आदि पदाधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलित किया।

मंगलाचरण डॉ कल्पना जैन नोएडा एवं सत्येंद्र जैन संगीतकार जहाजपुर द्वारा किया गया।अधिवेशन में अतिथियों का स्वागत महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश जैन तिजारिया, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेंद्र महावीर जैन सनावद, राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन, राष्ट्रीय संरक्षक हंसमुख गांधी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दिलीप जैन, राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री अकलेश जैन, राष्ट्रीय मंत्री राकेश जैन चपलमन कोटा, राष्ट्रीय प्रचार मंत्री महेंद्र बैराठी, राष्ट्रीय संगठन मंत्री मनीष विद्यार्थी, सुरेंद्र प्रकाश जैन, कार्यक्रम संयोजक नवीन जैन जहाजपुर आदि ने किया।

22 मार्च को प्रथम सत्र में तीर्थ संरक्षण में पत्रकारों की भूमिका में योगदान विषय पर रेखा जैन इंदौर, दिलीप जैन जयपुर, राजेश पंचोली ऋषभदेव, महेंद्र बैराठी जयपुर, राजेश जैन कोटा, अभिषेक जैन रामगंज मंडी, मनीष जैन उदयपुर, राजा बाबू गोधा, डॉक्टर कल्पना जैन नोएडा, शशांक सिंघई कोटा, आदेश सेठ गढ़ाकोटा, राजेश रागी वगस्वाह, अकलेश जैन अजमेर, मनोज सोनी निंबाहेड़ा, विमल बज जयपुर, अतिशय क्षेत्र पदमपुरा के अध्यक्ष एडवोकेट सुधीर जैन दोसा, राजकुमार जैन कोठारी जयपुर आदि ने तीर्थ के संरक्षण में कहा कि तीर्थों पर सुरक्षा व्यवस्था होनी चाहिए, छोटे-छोटे उद्योगों की स्थापना हो, तीर्थ क्षेत्र आत्मनिर्भर बने, जैन कर्मचारी हों उनको उच्च शिक्षा मिले आदि चिंतन और मंथन हुआ।

तीर्थ संरक्षण में पत्रकारों की भूमिका के संबंध में प्रकाश डालते हुए मुख्य वक्ता के रूप में राजेंद्र महावीर जैन सनावद ने कहा कि तीर्थों पर बाल संस्कृति संस्कार केन्द्रों की स्थापना हो जहां पर 8 वर्ष के बच्चों को संस्कारित किया जाए, तीर्थों के माध्यम से धर्मार्थ कार्य होने चाहिए।

पूज्य गणिनी आर्यिका रत्न स्वस्ति भूषण माताजी ने अपने आशीर्वचन में कहा कि पत्रकार जब लिखता है तो उसे ऐसा लगना चाहिए कि किसी सागर में डुबकी लगाकर आया हो, पूज्य माताजी ने निर्भीक, निष्पक्ष पत्रकारिता पर जोर दिया, तीर्थ संरक्षण के संबंध में पूज्य माताजी ने कहा कि बड़े तीर्थ को छोटे 5 तीर्थों को गोद लेना चाहिए ताकि प्राचीनता, ऐतिहासिकता कायम रह सके, तीर्थ का संरक्षण व संवर्धन हो सके।

23 मार्च को जैन पत्रकार महासंघ के परम संरक्षक विनोद जैन टोरड़ी कोटा सहित नवीन सदस्यों का सम्मान किया गया। युवा परिषद बुलेटिन, जैन गजट, श्रीफल न्यूज़ समाचार पत्र, महासंघ का परिचय फोल्डर का विमोचन एवं विभिन्न जैन पत्र पत्रिकाओं का विमोचन किया गया। राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन ने महासंघ का वार्षिक प्रतिवेदन 2025 पढ़ा।

रमेश जी तिजारिया ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि महासंघ जैन पत्रकारों के अपने कार्य कर रहा है, श्रेष्ठ व विशिष्ट पत्रकारों को सम्मानित करता है उनके हितों के लिए सदैव समाज में राज्य के स्तर पर प्रयास करता है।

राष्ट्रीय संरक्षक हंसमुख गांधी ने कहा कि पत्रकारों का निर्भीक होकर काम करना चाहिए, संत और पंथवाद के बिना सकारात्मक व प्रमाणित समाचार प्रकाशित करवाने चाहिए, उन्होंने तीर्थ संरक्षण में चल रही गुल्लक योजना का प्रचार प्रसार करने पर भी जोर दिया।

इस अवसर पर भारतवर्षीय दिगम्बर जैन संघ मथुरा का पाक्षिक पत्र जैन संदेश को सर्वाधिक प्राचीन जैन समाचार पत्र होने पर अविराम कर्मयोगी जैन रत्न, समाज भूषण राजेंद्र के गोधा स्मृति जैन पत्रकारिता पुरस्कार से महासंघ द्वारा नकद राशि, प्रशस्ति देकर सम्मानित किया गया, इसके प्रदाता शैलेंद्र-- निशांत गोधा समाचार जगत परिवार जयपुर है। प्रशस्ति व परिचय का वाचन दिलीप जैन जयपुर ने किया।

द्वितीय पुरस्कार प्रज्ञा पुंज, चतुर्थ पट्टाचार्य योगीन्द्र सागर स्मृति में जैन पत्रकारिता पुरस्कार ब्र डॉ सविता जैन अधिष्ठात्री दिगंबर जैन धर्म स्थल शीतल तीर्थ रतलाम को जैन जगत में भारतीय संस्कृति के उन्नयन पर प्रचार प्रसार में अतुल्य योगदान, सामाजिक क्षेत्र में लेखन, अध्ययन, मनन, चिंतन आदि कार्यों को दृष्टिगत रखते हुए नकद राशि शाल व प्रशस्ति देकर सम्मानित किया गया, पुरस्कार प्रदाता डां, अनुपम जैन इन्दौर परिवार।

तृतीय पुरस्कार बागड़ गौरव, कलिंजरा रत्न, देहदानी श्री सोहनलाल गांधी स्मृति पुरस्कार जैन पत्रकारिता पुरस्कार से अभिषेक जैन रामगंज मंडी व राजेश जैन रागी वरिष्ठ पत्रकार वगस्वाहा, मध्य प्रदेश को नकद राशि, शाल, प्रशस्ति देकर सम्मानित किया गया, पुरस्कार प्रदाता हंसमुख गांधी इन्दौर परिवार।

इस अवसर पर तीर्थ कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जम्बू प्रसाद जैन गाजियाबाद ने तीर्थों के संरक्षण में जो कार्य किया जा रहे हैं उन पर प्रकाश डाला, शरद जैन महालक्ष्मी दिल्ली ने सभी पत्रिकारों से कहाकि तीर्थो के संरक्षण में अपना योगदान दें आदि पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम का संचालन राकेश जैन चपलमन कोटा, राजेंद्र महावीर जैन सनावद द्वारा किया गया। कार्यक्रम में देश के विभिन्न प्रांतों व स्थानों से यथा जयपुर, अजमेर, कोटा, सनावद, छतरपुर, इंदौर, गढ़ाकोटा, ऋषभदेव, खैरवाड़ा, फलासिया, भीलवाड़ा, उदयपुर, बिजोलिया, विजयनगर, शाहपुरा, रामगंज मंडी, ललितपुर, फागी, नोएडा, दिल्ली, बड़नगर, सागर, बंडा, शाहपुर (मप्र), फिरोजाबाद, नैनवा, बूंदी, इटावा, आदि अनेकों स्थानों से पत्रकारों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल कराया।

सभी उपस्थित पत्रकारों को स्वस्ति धाम समिति द्वारा सुंदर स्वस्ति धाम प्रतीक के रूप में गिफ्ट, दुपट्टा पहना कर सम्मानित किया गया। आभार व्यक्त किया कार्यक्रम संयोजक नवीन जैन जहाजपुर व राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन जयपुर ने। -**उदयभान जैन**

# भारत वर्षीय दिगंबर जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जंबू प्रसाद जैन का सत्कार



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्रपति संभाजीनगर (विश्व परिवार)। राजाबाजार स्थित खंडेलवाल दिगंबर जैन पंचायत पार्श्वनाथ मंदिर में शनिवार को भारत वर्षीय दिगंबर जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जंबू प्रसाद जैन ने भगवान शांतीनाथ के दर्शन किए। इस अवसर पर पंचायत की ओर से भगवान शांतीनाथ की प्रतिमा का छायाचित्र, शाल व नारियल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की प्रस्तावना पंचायत के अध्यक्ष महावीर पाटणी ने किया। संचालन सचिव प्रकाशा अजमेरा ने किया।

तीर्थक्षेत्र कमेटी के पूर्व प्रांताध्यक्ष व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय पापडीवाल, प्रमोद जैन कासलीवाल प्रमुख अतिथी के रुप में उपस्थित थे। जंबुप्रसाद जैन ने तीर्थरक्षा कमेटी 123 साल पुरानी है। समाज के नागरिक व तीर्थक्षेत्र कमेटी को सहयोग करने का आवाहन किया। आगामी 22 अक्टूबर 2026 से 22 अक्टूबर 2027 के बीच साल भर में एक महामहोत्जसव का आयोजन कमेटी की ओर से किया जारहा है। पूरे चातुर्मास काल में तीर्थरक्षा कमेटी तीर्थरक्षा सुरक्षा कलश चातुर्मास के बीच हरेक स्थान पर रखने की जानकारी दी। जहां जहां पर पूराने मंदिर में जिर्णोद्वार की आवश्यकता है। वहां पर तीर्थ क्षेत्र कमेटी की ओर से सहयोग करने की जानकारी दी। इस अवसर पर विश्वस्थ अरुण पाटणी, महावीर ठोले, चंदा कासलीवाल, निता ठोले, डॉ प्रकाश पापडीवाल, प्रकाश कासलीवाल, केतन ठोले, अभय कासलीवाल, फुलचंद ठोले आदि उपस्थित थे। जंबुप्रसाद जैन ने श्री क्षेत्र कचनेर, श्री क्षेत्र जटवाडा में जाकर भगवान के दर्शन किए। उसी तरह आचार्य विशुद्धसागरजी महाराज के जालना में जाकर दर्शन किए।

-**नरेंद्र अजमेरा, पियुष कासलीवाल**

# 1008 फीट के तिरंगे, 1008 फीट के जैन ध्वज और हजारों लोगों के साथ श्री नेमि गिरनार धर्म पद यात्रा का बलबीर नगर दिल्ली से गिरनार के लिए भव्य शुभारंभ






**जैन आचार्य श्री विमर्श सागर जी का 38 पीछी सहित विशाल संघ का मिला पद यात्रा को मंगल आशीर्वाद, मार्गदर्शन और सानिध्य**

**अहिंसा विश्व भारती संस्थापक आचार्य लोकेश मुनि जी शामिल हुए धर्म पद यात्रा के शुभारंभ समारोह में**

**दिल्ली (विश्व परिवार)।** प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान के जन्म तप कल्याणक के अवसर पर विश्व जैन संगठन के संयोजन में आज 23 मार्च को बलबीर नगर शाहदरा से 22वे जैन तीर्थंकर नेमिनाथ मोक्षस्थल गिरनार के लिए श्री नेमि धर्म पद यात्रा का शुभारंभ दिल्ली सहित देश के विभिन्न स्थानों से आए हजारों लोगों की उपस्थिति में हुआ। धर्म पद यात्रा में नेमिनाथ भगवान की विशाल प्रतिमा के साथ अहिंसा रथ और 1008 फीट का तिरंगा व जैन ध्वज भी ले जाया गया।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संजय जैन ने धर्म पद यात्रा का उद्देश्य जैन सिद्धांतों अहिंसा शाकाहार और नेमीनाथ जन्मस्थल शौरीपुर व मोक्षस्थल गिरनार का प्रचार बताते हुए समस्त जैन समाज को धर्म पद यात्रा में शामिल होने का आह्वाहन किया। पद यात्रा से पूर्व देश के विभिन्न राज्यों में विराजमान पूज्य संतों से मार्गदर्शन और आशीर्वाद लेने की जानकारी दी और बलबीर नगर मंदिर प्रबंधक समिति द्वारा धर्म पद यात्रा के जैन ध्वज से शुभारंभ के लिए घोषणा की।

शुभारंभ समारोह में 38 संतों के विशाल संघ सहित ससंघ विराजमान पूज्य जैन आचार्य श्री विमर्श सागर जी मुनिराज ने धर्म पद यात्रा के लिए विश्व जैन संगठन और सहयोगी संस्थाओं को आशीर्वाद देते हुए समस्त समाज को यात्रा में शामिल होकर सहयोग करने का मार्गदर्शन दिया। पूज्य आचार्य श्री संघ की और से गिरनार जी पर अर्घ्य समर्पित करने के लिए दिया गया।

संगठन के उपाध्यक्ष यश जैन ने बताया कि धर्म सभा को अचल जैन, रुचि जैन, नीरू जैन, रवि जैन गुरुजी, प्रदुम्न जैन, मंच संचालक मिंटू और समाज के अन्य वरिष्ठ गणमान्यों ने संबोधित किया। इस अवसर कर नेमिनाथ भगवान के जीवन के साथ जन्म स्थल और मोक्ष स्थल गिरनार जी के विषय में जानकारी के साथ पूज्य आचार्य श्री विमर्श सागर जी महाराज के आशीर्वाद से एक फोल्डर का विमोचन समाज के प्रधानों द्वारा किया गया।

आदिनाथ चैनल डायरेक्टर श्री पवन गोधा ने धर्म पद यात्रा में समाज से सहयोग करने की अपील करते हुए 2 जुलाई को नेमि निर्वाण दिवस पर गिरनार यात्रा की घोषणा की।

विशाल धर्म पद यात्रा बलबीर नगर से आरंभ होकर भोलानाथ नगर, राम गली विश्वास नगर जैन मंदिरों के दर्शन करते हुए ऋषभ विहार जैन मंदिर पहुंची। पद यात्रा ऋषभ विहार से 24 मार्च की प्रातः 7 बजे आरंभ होकर विवेक विहार, सूर्य नगर के दर्शन करते हुए वसुंधरा सेक्टर 10 से कवि नगर गाजियाबाद जाएगी।

# 'मैं कौन हूं' यह सवाल नित्य प्रतिदिन अपने मन से पूंछिये और देखिये कि क्या जबाब आ रहा है : मुनिश्री प्रमाणसागर जी महाराज



**लालघाटी (विश्व परिवार)।** 'मैं कौन हूं' यह सवाल नित्य प्रतिदिन अपने मन से पूंछिये और देखिये कि क्या जबाब आ रहा है, उपरोक्त उद्गार मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज ने श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर लालघाटी में प्रात:कालीन धर्मसभा में व्यक्त किये। मुनि श्री ने कहा कि जीवन का उत्थान भी सोच से ही हुआ और पतन भी सोच से ही हुआ संत कहते है कि जब तक आप देह के धरातल से ऊपर नहीं उठोगे तब तक आपके अंदर आध्यात्मिकता का विकास नहीं होगाआपकी सोच में आध्यात्मिकता होगी तभी आप शरीर और आत्मा के रहस्य को पहचान पाओगे और आपके जीवन का कल्याण नहीं होगा आप यदि अपने जीवन का वास्तविक कल्याण करना चाहते हो तो आध्यात्मिक चेतना का विकास कीजिये, और अपने आप में ये चार सबाल खड़े कीजिये

और जानिये 'मैं कौन हूं'? 'मेरा क्या है'? 'में क्या कर रहा हूँ'? 'मुझे क्या करना चाहिये'? मुनि श्री ने एक प्रक्टिकल कराते हुये सभी से आंख बंद कर अपनी सोच कि दिशा को ले जाने के लिये कहा और कहा कि उन चारों सबालों का जबाब ढूडेंगे तो आप पाऐंगे कि तो आपका अपना नाम आऐगा आपने जो अपनी काल्पनिक छवि अपने सामने खडी की है वह आपके सामने आऐगी कि में एक डाक्टर बकील व्यापारी समाजसेवी नेता आदि आदि हूं किसी के मन में यह बात आई कि में एक शुद्ध चेतन आत्मा हूं? यह हमने सुन लिया और पड़ लिया यदि ये बात आपके मन में 24 घंटे रहे तो आपके अंदर का अभिमान और आसक्ति पल भर में दूर हो जाऐ आप ऊपर ऊपर से तो आध्यात्मिकता की बात करते हो लेकिन अंदर से आप उसी मानसिकता में जी रहे हो कि में ये हूँ में बो हूँ? मुनि श्री ने कहा कि हमने नाम और रुप से अपने आपको जोड़ रखा है में यह सोचू कि में बहूत बड़ा मुनि हुं मेरे करोड़ों फालोअर्स है यह में इस बात को मान रहा हूँ तो मेरी यह बहूत बड़ी नादानी है दृश्य जगत में जो कुछ भी दिख रहा है वह में नहीं हुं ये रुप मेरा नहीं ये स्वरूप मेरा नहीं में जो हूँ सो हूँ यह तो मेरा ऊपर का चोला है में मुनि हूँ लेकिन अनादि से तो मुनि नहीं था और अनंतकाल भी मुनि नहीं रहूंगा, में अनाम अरुप हूं

सच तो यही है मेरा आत्मज्ञान ही मेरा बास्तविक ज्ञान है मुनि श्री ने कहा कि यह जो कुछ भी दिख रहा है वह में नहीं हूँ उसे मेंने अपना मान रखा है यही हमारी सबसे बड़ी भूल है मेंने माना कि मुझे विभिन्न नामों से पुकारा जाता है, माना में विभिन्न रूपों को धारण कर चुका हूं लेकिन फिर भी में न नाम हूं न रुप हूँ में तो अनाम अरुप हूँ यही मेरा स्वरूप है। 'मैं एक शुद्ध चेतन आत्मा हूँ' यही प्रतीती हमारे श्रद्धान में आना चाहिये मेरा आत्मिकज्ञान ही मेरा बास्तविक ज्ञान है, जो दिख रहा है वह में नहीं हुं जो देख रहा है वह में हूँ आचार्य गुरुदेव श्री विद्यासागरजी महा मुनिराज ने मूकमाटी महाकाव्य में लिखा है कि बाहर यह जो कुछ भी दिख रहा है वह में नहीं, और मेरा भी नहीं, ये आंखें मुझे देख नहीं शक्ति मुझमें देखने की शक्ती है, सभी का में दृष्टा हूँ, उसी का में सृष्टा हूँ, बाहर में जो कुछ भी दिख रहा है, सो वह में नहीं हूँ, और मेरा भी नहीं। मुनि श्री ने कहा कि एक सामान्य व्यक्ति छोटेसे आघात में टूट जाता है, जबकि आध्यात्मिक सोच बाला व्यक्ति बड़े से बड़े अघात और विपदा को बहूत सहजता से पार कर लेता है। इस अवसर पर मुनि श्री निर्वेग सागर एवं मुनि श्री संधान सागर महाराज एवं समस्त क्षुल्लक मंचासीन थे।

उपरोक्त जानकारी दयोदय महासंघ के राष्ट्रीय प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी तथा स्थानीय प्रचार प्रमुख सुनील जैनविन ने जानकारी देते हुये बताया मुनिसंघ श्री शांतिनाथ दि. जैन परिसर जैन नगर लालघाटी में विराजमान है। -**अविनाश जैन**

# बेटा-बहू एवं सास-ससुर तो कहीं देवरानी जेठानी ने पूरे उल्लास से दिलाया राष्ट्रव्यापी साक्षरता परीक्षा




**रायपुर (विश्व परिवार)।** राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण छत्तीसगढ़ तथा कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण रायपुर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देशानुसार व मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं उपाध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण रायपुर के मार्गदर्शन में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत विकासखंड अभनपुर के चिन्हांकित 81 परीक्षा केन्द्रों में राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमे परीक्षार्थियों में भारी उत्साह दिखाई दिया की सीखने और लिखने पढ़ने की कोई उम्र नहीं होती अनेक रिस्तेदारों ने एक साथ बैठकर परीक्षा दिलाया जैसे की शासकीय प्राथमिक शाला गिरोला में सास घुरवा साहू उनका बेटा दिलीप साहू एवं बहू लीला बाई साहू ने उसी प्रकार पति-पत्नी होरीलाल डहरिया एवं उनकी पत्नी गुलपिया डहरिया ने जबकि देवरानी परविया साहू और उनकी जेठानी सुशीला साहू ने उल्लास परीक्षा दिलाए है उसी प्रकार नायकबाँधा में देवरानी मोहिनी एवं जेठानी जानकी सेन ने एक साथ परीक्षा दिलाए है ठीक ऐसे ही भटगांव में ससुर विष्णु धीवर, सास कुमारी धीवर जबकि बहू नीरा धीवर ने एक साथ परीक्षा में शामिल हुए वही शासकीय प्राथमिक शाला पलौद में माँ-बेटा कुमारी बाई धीवर एवं उनका बेटा धनेश धीवर ऐसे ही शासकीय प्राथमिक शाला केंद्री में भी अनेक सगे-संबंधी ने साथ में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम-मूल्यांकन परीक्षा दिलाई ऐसे ही पूरे ब्लॉक से लगभग तीन हज़ार की संख्या में लोगो ने इस अभियान में भाग किया।विकासखंड अभनपुर के नोडल अधिकारी हेमन्त कुमार साहू ने बताया कि विकासखंड के चिन्हांकित शालाओं को परीक्षा केंद्र बनाया गया था मूल्यांकन केन्द्रों में मूल्यांकन का समय प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित था, जिसमें परीक्षार्थियों के द्वारा अपने सुविधाजनक समयानुसार आकर उल्लासपूर्वक मूल्यांकन परीक्षा दिलाया गया। निरीक्षण के दौरान संयुक्त संचालक रायपुर राकेश पांडे एवं धनेश्वरी साहू विकासखंड शिक्षा अधिकारी अभनपुर ने अनेक केन्द्रों का निरीक्षण किया एवं शिक्षार्थियों से बातचीत कर इस आयोजन के लिए खुशी व्यक्त किए डाइट रायपुर के निरीक्षण दल को निरीक्षण के दौरान सभी केन्द्रों में परीक्षार्थियों में भारी उत्साह देखने को मिला साथ ही स्वयंसेवी शिक्षकों व शाला के शिक्षक भी उत्साहपूर्वक परीक्षा को संपन्न कराते दिखे। उल्लेखनीय है कि स्वयंसेवी शिक्षकों के द्वारा घर घर जाकर सभी शिक्षार्थियों को शिक्षार्थी पर्ची देकर, पीला चावल देकर केंद्र तक आने का निमंत्रण दिया गया था।

# पंडित प्रदीप मिश्रा ने महापुराण कथा के चौथे दिन प्रभु श्रीराम और पांडव की कथा सुनाई






**जशपुर (विश्व परिवार)।** कुनकुरी मयाली में सबसे बड़े प्राकृतिक शिवलिंग मधेश्वर पहाड़ के पास प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने शिव भक्तों को शिव महापुराण कथा के चौथे दिन प्रभु श्री राम और पांडव की कथा सुनाया। शिव भक्तों को कथा सुनाते हुए कहा कि प्रभु श्री राम भगवान 14 वर्ष के वनवास के लिए जा रहे थे तो उनके पिता दशरथ जी ने उन्हें शिव की भक्ति करने के लिए कहा। पांडव पांचों भाई और उनकी पत्नी द्रोपदी के साथ वनवास गए तो उन्हें भी शिव की भक्ति करके अपने कष्टों को दूर करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के जशपुर वासियों के लिए बड़ा सौभाग्य की बात है। साक्षात शिव जी मधेश्वर पहाड़ के रूप में जशपुर में विराजमान हैं और शिव भक्तों को अपनी कृपा बरसा रहे हैं। छत्तीसगढ़ी वासियों बहुत धन्य है प्रभु श्री राम ने वनवास काल का अधिकतम समय छत्तीसगढ़ में बिताया है। कुनकुरी विकासखंड में विश्व के सबसे बड़े प्राकृतिक शिवलिंग के तौर पर मान्यता प्राप्त मधेश्वर महादेव के समीप हो रहे शिव महापुराण कथा को सुनने छत्तीसगढ़ सहित अन्य प्रदेशों से बड़ी संख्या में भक्तगण यहां पहुंचे हैं। 27 मार्च तक चलने वाली इस कथा में श्रद्धालुगण दिव्य अनुभव प्राप्त करेंगे। -**जीतेंद्र सिंह**

# भंडारा, प्रभु भक्ति भक्तांबर हीलिंग जप अनुष्ठान वीर संदेश रैली के साथ होगा भगवान महावीर जन्म कल्याणक का आगाज

## 4 से 10 अप्रैल तक आयोजित होंगे सेवा के विभिन्न कार्यक्रम



**दुर्ग (विश्व परिवार)।** सेवा, भक्ति, अनुष्ठान तप जप गौ सेवा आयंबिल नवकार महामंत्र एवं सामायिक साधना भंडारे के आयोजन साथ भगवान महावीर स्वामी का 2624 वा जन्म कल्याणक महोत्सव दुर्ग शहर में हर्ष और उल्लास के वातावरण में सकल जैन समाज के सदस्यों के सहयोग से मनाया जा रहा है। भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के प्रचार प्रसार प्रमुख नवीन संचेती ने आयोजन के संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया इस वर्ष भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव 4 अप्रैल से प्रारंभ होकर 10 अप्रैल तक गंज मंडी प्रांगण में मनाया जाएगा इसके साथ ही अनेक धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन ऋषभदेव परिसर एवं जैन समाज के भवनों में आयोजित होंगे।

सामायिक दिवस के साथ ही भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव का आगाज होगा भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के अध्यक्ष अजय श्रीश्रीमाल एवं मंत्री चुन्नीलाल जैन ने सात दिवसीय आयोजनों के बारे में जानकारी देते हुए बताया सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के साथ-साथ दुर्ग शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से प्रतिदिन प्रभात फेरी (अहिंसा यात्रा) निकाली जाएगी जो गंजपारा, ऋषभ ग्रीन सिटी, पदमनाभपुर मालवीय नगर गया नगर ऋषभ कॉलोनी खंडेलवाल कॉलोनी के क्षेत्र भी इस अहिंसा यात्रा का हिस्सा बनेंगे।

वीर वाटिका, जैन महाभारत, अखिल भारतीय भक्ति गीत स्पर्धा, भावेश बेध ऋषभ संभव जैन मुंबई एवं पिंटू स्वामी की शानदार भक्ति का आयोजन भी गंज मंडी प्रांगण में आयोजित होंगे। इसी तरह मानव सेवा गौ सेवा रक्तदान शिविर फल वितरण एवं भव्य भंडारे का आयोजन भी भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव का प्रमुख हिस्सा रहेगा। आयोजन समिति के प्रमुख प्रकाश गोलछा रितेश बुरड़ पियूष पारख संदीप जैन किशोर जैन मनोज बाकलीवाल राजा कांकरिया ऋषभ देशलहरा सहित सभी कार्यकर्ता आयोजन की तैयारी को मुर्त रूप देने में लगे हुए हैं।

भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव में महिलाओं के लिए विशेष आयोजन सांझी मेहंदी भक्तांबर हीलिंग कार्यक्रम का आयोजन भी जन्म महोत्सव के आयोजन को भव्य रूप देगा। तप त्याग साधना के साथ आयंबिल तप का आयोजन में जेन समाज के अनुयाई इस तप की साधना करेंगे। जन्म कल्याणक महोत्सव में बच्चों के लिए महावीर आर्ट कंपटीशन, का आयोजन होगा इसी तरह वीर संदेश बाइक रैली जिसमें जैन समाज के युवक युवतियो की सक्रिय हिस्सेदारी रहेगी जैन समाज के सभी वर्ग के लोग इस आयोजन का साक्षी बनेंगे। यह रैली नसिया जी तीर्थ से प्रारंभ होकर पूरा शहर भ्रमण करेगी। -**नवीन संचेती**

## संक्षिप्त समाचार

### दिनदहाड़े व्यापारी से 20 लाख रुपये लूटकर बदमाश फरार

**धमतरी।** धमतरी के पोटियाडीह गाँव के पास दिनदहाड़े व्यापारी से 20 लाख रुपये लूटकर बदमाश फरार हुए। घटना अर्जुनी थाना क्षेत्र की है। स्कार्पियो सवार तीन लूटेरों ने कार को पहेले टक्कर मारी कार में तोड़फोड़ की फिर रुपये लूटकर फरार हो गए। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार तीन लोगों के द्वारा एक कार को रोक कर गन दिखाते हुए करीब 20 लाख रुपए लूटकर ले गए। सूचना मिलते ही धमतरी पुलिस मौके पर पहुंची और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। बताया जा रहा है कि राजनांदगांव के एक व्यापारी के तीन कर्मचारी कार क्रमांक छ्त्08, 4942 में सवार होकर धमतरी एक व्यापारी को पैसा देने आ रहे थे।तभी ग्राम पोटियाडीह में कबीर आश्रम के पास एक अज्ञात स्कॉर्पियो वाहन ने कार को पीछे से ठोकर मार दिया।जिसके चलते कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे खंभे पर जाकर टकरा गई। इसके बाद स्कॉर्पियो से तीन नकाबपोश बदमाश नीचे उतरे और कार में तोड़फोड़ करना शुरू कर दिया। इस दौरान एक नकाबपोश द्वारा देसी कट्टा दिखाकर कार चालक निवासी राजनांदगांव और अन्य दो कार में सवार से मारपीट करते हुए कार में रखे 20 लाख रुपए लूट लिए । वही तीनों अज्ञात आरोपी ने वारदात को अंजाम देने के बाद नकाबपोश मौके से फरार हो गए।

### कलेक्टर दीपक अग्रवाल की अध्यक्षता में परामर्शदात्री समिति की बैठक सम्पन्न

**गरियाबंद।** अधिकारी-कर्मचारियों से संबंधित समस्याओं के निराकरण के संबंध में कलेक्टर दीपक अग्रवाल की अध्यक्षता में विभिन्न संगठन के पदाधिकारियों के साथ जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिला स्तरीय इस बैठक में जिले के अधिकारी- कर्मचारियों एवं शिक्षकों के विभिन्न संघों ने शासकीय सेवकों की विभिन्न समस्याओं एवं सुझावों को कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने संगठनों द्वारा प्रस्तुत सभी मांगो, समस्याओं और सुझावों को नियमानुसार निराकृत करने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही अधिकारी-कर्मचारियों के समस्याओं के प्राथमिक स्तर पर ही निराकरण करने सभी जिला अधिकारियों को अपने- अपने विभाग में परामर्शदात्री बैठक आयोजित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बैठक में शामिल अधिकारी-कर्मचारियों संघ के सदस्यों को शासकीय सेवा के दौरान कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन के लिए अपने संघ के माध्यम से अधिकारी-कर्मचारियों से अपील करने की बात कही। इस दौरान बैठक में अपर कलेक्टर अरविंद पाण्डेय, प्रकाश राजपूत, नवीन भगत सहित अधिकारी-कर्मचारियों के विभिन्न संघों के प्रतिनिधिगण मौजूद रहे। परामर्श दात्री समिति की बैठक में संघ के सदस्यों ने समयबद्ध तरीके से शासकीय आवासों के आवश्यक मरम्मत एवं रंग-रोगन, पेंशन प्रकरणों का समय पर निराकरण, अवकाश प्रकरणों, अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरण एवं कर्मचारियों के आवश्यकतानुसार विभागीय परीक्षा आयोजित करने, सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति, समयमान का लाभ, परीक्षा अवधि पूर्ण कर चुके कर्मचारियों को क्रमोन्नति, एरियर्स राशि का भुगतान, नियमितिकरण, ग्रेडेशन लिस्ट जारी करने, डीएमएफ फंड से लिपिक सदन में बॉन्ड्रीवाल तथा बोर खनन करवाने, दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को समय पर वेतन भुगतान करवाने, पेंशन प्रकरणों का निराकरण एवं स्वतत्वों का भुगतान शीघ्र कराने के संबंध में मामले को कलेक्टर के समक्ष रखा। साथ ही विभाग में लिपिकों के कार्य विभाजन में समय अंतराल पश्चात रोटेशन करने की भी जरूरत बताई। इससे कार्यालय के सभी कर्मचारी सभी प्रकार के कार्यो के लिए कुशल होंगे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने सभी संघों से सदस्यों की समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरतापूर्वक सुनकर निराकरण करने के निर्देश बैठक में मौजूद अधिकारियों को दिये।

# अरपा को संवारने एक जगह समा गया पूरा बिलासपुर



**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** अरपा के संवर्धन और सफाई के लिए विश्व जल दिवस के अवसर पर नगर निगम द्वारा छेड़े गए अभियान अरपा उत्थान में अपनी अरपा को स्वच्छ करने आज पूरा बिलासपुर रामसेतु मार्ग में इकट्ठा हुआ और प्रशासन के साथ मिलकर सभी ने इंदिरा सेतु से रामसेतु तक श्रमदान कर नदी की सफाई की। इंदिरा सेतु से रामसेतु तक लगभग दो हजार से अधिक लोगों की उपस्थिति रही। नगर निगम बिलासपुर द्वारा शनिवार को आयोजित एक दिवसीय अरपा उत्थान अभियान में आयोजन स्थल रामसेतु मार्ग में सुबह से लोगों की भीड़ उमड़नी शुरू हो चुकी थी,सबका मकसद एक था अरपा नदी को स्वच्छ करना और उसके मूल स्वरूप में लाने के लिए प्रयास की शुरूआत करना । इसके लिए निगम प्रशासन द्वारा तैयारी की गई थी। जन सहयोग के माध्यम से लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में प्रशासन ने लोगों से अपील की थी,जिसके फलस्वरूप बिलासपुरियंस ने आज इंदिरा सेतु से रामसेतु तक अरपा नदी की सफाई की और वहां मौजूद कचरा और गंदगी को निकाला। इस अभियान में विशेष रूप से अटल बिहारी वाजपेयी विवि के कुलपति एडीएन वाजपेयी,महापौर पूजा विधानी, कलेक्टर अवनीश शरण,एसएसपी रजनेश सिंह, निगम कमिश्नर अमित कुमार उपस्थित रहें जिन्होंने श्रमदान भी किया। इस अवसर पर कुलपति एडीएन वाजपेयी ने अपने संबोधन में कहा की अरपा के संवर्धन-सरंक्षण और जल को बचाने के लिए शुरू किया गया यह एक पुनीत अभियान है। अरपा बिलासपुर की जीवनदायिनी है और इसे संवारने हम सभी को अपने जीवन में एक सूत्र को अपनाना होगा,वह यह की अरपा नदी में हम वह ना फेंके या प्रवाहित ना करें जिसे हम ना खुद खा सकते है और ना पचा सकते हैं। अरपा नदी के संवर्धन के लिए और बिलासपुर को स्वच्छता में नंबर वन बनाने के लिए खुद से जागरूक होना होगा और दूसरों को भी करना होगा। महापौर श्रीमती पूजा विधानी ने कहा की अरपा हमारी मां है,उसकी सफाई के लिए उमड़ा यह जनसैलाब यह दिखलाता है की सभी शहरवासियों के दिल में अरपा बसी है। महापौर ने कहा की हम सभी को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए अरपा नदी को स्वच्छ और निर्मल बनाए रखने के लिए प्रयास करने की जरूरत है,इसके लिए आज हम सब यह प्रण लें की अरपा नदी को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए हम सबका योगदान हो। शहर को भी स्वच्छ रखने में हर नागरिक की सहभागिता हो ताकि हमारा शहर नंबर वन बन सकें। कलेक्टर अवनीश शरण ने कहा की अरपा नदी बिलासपुर की पहचान है और आज विश्व जल दिवस के अवसर पर इसे संवारने की शुरूआत की गई है,स्वच्छता को जब तक हम अपनी दिनचर्या में शामिल नहीं करेंगे और अपनी जिम्मेदारियों को नहीं समझेंगे तब तक किसी भी नदी को स्वच्छ नहीं बनाया जा सकता,इसलिए जरूरी है की नदी के जतन के लिए सब मिलकर कार्य करें और इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करें। 30 मार्च को मान.प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिलासपुर पधार रहे हैं,उनके आगमन के पूर्व पूरे जिले में स्वच्छता का अभियान चलाया जा रहा है। एसएसपी श्री रजनेश सिंह ने कहा की अरपा बिलासपुर की जीवनरेखा है,इसके उत्थान के लिए हम सबको अपनी जिम्मेदारी तय करनी होगी,स्वच्छता एक राष्ट्रीय आंदोलन बन चुका है। हमें अपने आस-पास स्वच्छता का वातावरण बनाए रखना होगा।

## गरियाबंद पुलिस ने शुरू की अनूठी पहल यातायात पाठशाला, सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को किया जागरूक

**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन में जिले में सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए यातायात पाठशाला की शुरुआत की गई। इस पहल का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और आम नागरिकों को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक बनाना है।

### यातायात पाठशाला के मुख्य बिंदु:

यातायात नियमों की जानकारी ङ्क आम जनता और वाहन चालकों को यातायात नियमों से अवगत कराया जा रहा है। प्रश्नोत्तरी आयोजन ङ्क यातायात नियमों से संबंधित 25 प्रश्नों की प्रश्नोत्तरी कराई जा रही है, जिससे लोगों का ज्ञान बढ़े। दुर्घटनाओं से सीख ङ्क पूर्व में हुई सड़क दुर्घटनाओं की फोटोग्राफ और समाचार कतरनों के माध्यम से लोगों को नियमों का पालन न करने के दुष्परिणाम दिखाए जा रहे हैं।




**महत्वपूर्ण निर्देश** - बिना हेलमेट/सीट बेल्ट वाहन न चलाने, शराब पीकर गाड़ी न चलाने, ओवरलोडिंग से बचने और मोबाइल फोन का उपयोग न करने जैसे अहम यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश दी जा रही है।

### पुलिस की अपील

गरियाबंद पुलिस ने वाहन चालकों और आम जनता से अपील की है कि वे यातायात पाठशाला का हिस्सा बनें और यातायात नियमों काङ्ग पालन कर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने में सहयोग करें। सुरक्षित यातायात ही सुरक्षित जीवन की कुंजी है।

## मेहनत कर जीवन यापन करने वाले मजदूर युवक को हादसे में दोनों हाथ एवं पैर खोना पड़ा

**रामानुजगंज(विश्व परिवार)।** मेहनत मजदूरी करके जीवन यापन करने वाले युवक जब 60 फीट ऊंचाई से गिरकर अपने दोनों हाथ एवं दोनों पैर तोड़ लिए तो डॉक्टरों ने कहा कि दोबारा तुम अब मेहनत का कार्य नहीं कर सकते। इसके बाद करीब 1 साल से अधिक समय तक युवक का इलाज चलता रहा लेकिन युवक के हौसले एवं हिम्मत बुलंद थे की डॉक्टर के बात को झूठ करते हुए आज युवक कुशलता पूर्वक कार्य कर रहा है जो एक मिसाल है। रामानुजगंज में करीब 6 वर्ष से मजदूरी करने वाले अब्बास अंसारी झारखंड के गढ़वा का रहनेवाला है। अब्बास सरिया बांधने का कार्य करता है वह कुछ वर्ष पूर्व रंका में करीब 60 फीट की ऊंचाई पर सरिया बांध रहा था इसी दौरान दीवाल के गिर जाने से दीवाल के साथ अब्बास भी गिर गया जिससे उसके दोनों हाथ एवं दोनों पैर टूट गए, पैर तीन जगह से टूट गया था। एक वर्ष तक अब्बास का इलाज चलता रहा डॉक्टर ने स्पष्ट कर दिया था कि दोबारा अब मेहनत का कार्य तुम नहीं कर सकते परंतु अब्बास के आजीविका चलाने के लिए कार्य करना जरूरी था इलाज में काफी पैसा खर्च हो चुका था घर का खर्च चलना धीरे-धीरे काफी मुश्किल होते जा रहा था इस बीच अब्बास ने ठाना कि मुझे ठीक होना है और कार्य करना है अब्बास की हिम्मत हौसला की आगे डॉक्टरों की बात भी झूठ हो गई एवं अब्बास धीरे-धीरे कार्य करना शुरू किया और पहले के समान कुशलता पूर्वक अब्बास कार्य कर रहा है आज भी ऊंचाई पर जाकर सरिया कुशलता पूर्वक बांध ले रहा है। गरीबों के कारण नहीं निकलवा पा रहा है दोनों हाथ एवं दोनों पैरों से रॉड.......

अब्बास के दोनों हाथ एवं दोनों पैरों में रॉड लगे हैं परंतु घर का इकलौता कमाउ सदस्य होने कारण जो भी पैसा कमाता है उसे घर चलता है उसके पास अतिरिक्त पैसा नहीं हो पा रहा है जिससे वह अपने दोनों हाथ एवं दोनों पैरों में लगे रॉड को निकलवा सके।

## धारदार चाकू का इस्तेमाल कर चोट पहुंचाने वाले आरोपी जेल दाखिल

**कोरबा(विश्व परिवार)।** थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा धारदार चाकू से वारकर, गंभीर चोंट पहुंचाने वाले आरोपी को किया गया गिरफ्तार।आरोपी द्वारा पुरानी रंजिश पर से धारदार चाकू से किया गया जानलेवा हमला। प्रार्थी साधराम निवासी ग्राम छुईहा भाटा थाना सिटी कोतवाली द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 21.03.2025 को सायं के समय आरोपी राजा सोनवानी द्वारा जान से मारने की नीयत से प्रार्थी के पिता सोनचंद पर धारदार चाकू से हमला कर दिया है, जिससे प्रार्थी के पिताजी को गंभीर चोंटे आई हैं। कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 279/2025 धारा 109 बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। कि प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी राजा सोनवानी को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा पुरानी रंजिशवश, धारदार चाकू से प्रार्थी के पिता के ऊपर जानलेवा हमला कर, उसे गंभीर चोंट पहुंचाना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में आरोपी को आज दिनांक 23.03.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी- राजा सोनवानी उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम छुईहा (खैरा) थाना सिटी कोतवाली।

## गरियाबंद विकासखंड में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत महापरीक्षा संपन्न

**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा का आयोजन 23 मार्च को गरियाबंद विकासखंड में किया गया। इस परीक्षा में नवसाक्षरों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी साक्षरता का प्रमाण दिया।

**170 परीक्षा केंद्रों पर नवसाक्षरों की भागीदारी-** गरियाबंद विकासखंड में कुल 170 परीक्षा केंद्रों की स्थापना की गई थी, जहां स्वयंसेवी शिक्षकों द्वारा नवसाक्षरों को संध्याकालीन कक्षाओं के माध्यम से पढ़ना, लिखना और संख्यात्मक अवधारणाओं से परिचित कराया गया। विशेष रूप से ग्राम आमदी (म) को आदर्श उल्लास साक्षरता केंद्र के रूप में विकसित किया गया था।

**जिला जेल में भी नवसाक्षरों ने दी परीक्षा-** इस अभियान की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि यह रही कि जिला जेल गरियाबंद में भी 20 नवसाक्षरों ने परीक्षा दी, जिससे यह अभियान और अधिक प्रेरणादायक बन गया।



**प्रशासनिक अधिकारियों ने किया निरीक्षण-** महापरीक्षा के सफल आयोजन के लिए जिलाधीश दीपक कुमार अग्रवाल के कुशल मार्गदर्शन और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जी.आर. मरकाम तथा जिला शिक्षा अधिकारी आनंद कुमार सारस्वत के निर्देशन में कार्य संपन्न हुआ।

इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) त्रक्षा ठाकुर, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमज़द जाफरी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी गजेंद्र ध्रुव और बी.पी.ओ. व्यंकटेश साहू ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया, जिनमें जिला जेल परीक्षा केंद्र, आमदी (म), मरोदा, पारागांव, घुटकु नवापारा, बारूला और नागाबुड़ा शामिल थे।

# अज्ञात महिला के अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझी, गरियाबंद पुलिस ने तीन दिन में किया खुलासा

**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** पुलिस ने एक अज्ञात महिला की जलाकर हत्या किए जाने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन दिनों के भीतर मृतका की पहचान कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

घटना दिनांक 19 मार्च 2025 को सूचना मिली कि ग्राम हाथबाय से गरभनतोरा जाने वाले जंगल में लकड़ी के जलते हुए चट्टे में एक अज्ञात महिला का जला हुआ शव पड़ा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव के अवशेषों की जांच की और प्रथम दृष्टया हत्या कर शव को जलाने की पुष्टि हुई। मामला गंभीर होने के कारण पुलिस अधीक्षकों के निर्देश पर स्पेशल टीम एवं थाना गरियाबंद पुलिस को जांच का जिम्मा सौंपा गया।

### हत्या की गुत्थी कैसे सुलझी?

जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि समारी बाई यादव (60 वर्ष) नाम की एक महिला 18 मार्च 2025 की रात से लापता थी। पूछताछ में मृतका के बेटे और बहू ने बताया कि उसे आखिरी बार ग्राम हाथबाय के कृष्ण कुमार पात्रे के साथ देखा गया था।

जब पुलिस ने कृष्ण कुमार पात्रे की तलाश की, तो वह फरार मिला। बाद में रायपुर से गिरफ्तार कर जब उससे कड़ी पूछताछ की गई तो उसने हत्या की बात कबूल कर ली।

### हत्या की साजिश:

मृतका समारी बाई घर का खर्च चलाने के लिए मजदूरी और कबाड़ का काम करती थी।



उसका बेटा और बहू शराब के आदी थे और अक्सर पैसों के लिए उससे झगड़ते थे।

बहू लक्ष्मी यादव ने अपने पति के नाम से मिल रहे अटल आवास को कृष्ण कुमार पात्रे के नाम करने का लालच देकर अपनी सास की हत्या करवाने की योजना बनाई।

### हत्या की वारदात:

18 मार्च 2025 की रात, कृष्णा ने समारी बाई को शराब लाने के बहाने आई.टी.एस. कॉलेज के पास खेत में बुलाया। वहां उसने पीछे से धक्का देकर जमीन पर गिराया और गमछे से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी।

शव को मोटरसाइकिल पर पीछे बांधकर ग्राम हाथबाय के जंगल में ले गया और लकड़ियों के ढेर में रखकर आग लगा दी।

पुलिस ने आरोपी कृष्ण कुमार पात्रे और लक्ष्मी यादव के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका:

इस जघन्य अपराध को सुलझाने में गरियाबंद थाना प्रभारी ओम प्रकाश यादव, थाना स्टाफ और स्पेशल टीम ने विशेष भूमिका निभाई।

### गिरफ्तार आरोपी:

1. कृष्ण कुमार पात्रे (36 वर्ष) ङ्क निवासी हाथबाय, थाना गरियाबंद
2. लक्ष्मी यादव (40 वर्ष) ङ्क निवासी वार्ड नंबर 10, अम्बेडकर चौक, गरियाबंद

# एक बार फिर रहाणे पर भारी पड़े क्रुणाल बड़ी जीत के मामले में आरसीबी ने बनाया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे की शुरुआत मिली-जुली रही। उन्होंने जहां अपनी शानदार बल्लेबाजी से दर्शकों के मन को मोहित किया, तो कप्तानी में उनके हाथ निराशा लगी। आईपीएल 2025 के सीजन ओपनर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम निर्मम थी, जिन्होंने विस्फोटक बल्लेबाजी का नजारा पेश किया और केकेआर को आसानी से हराते हुए सीजन में धमाकेदार आगाज किया। इस मुकाबले में केकेआर को टॉस हारने के बाद पहले बैटिंग करनी पड़ी थी। क्विंटन डिकॉक का विकेट सस्ते में गिरने के बाद रहाणे नंबर तीन पर आए और 31 गेंदों पर 56 रनों की पारी खेली। 181 के स्ट्राइक रेट से खेली गई इस पारी में रहाणे ने अपना अनुभव और दमखम दोनों दिखाया। उनको क्रुणाल पांड्या ने आउट किया। क्रुणाल ने न केवल रहाणे का शो स्टॉप किया बल्कि बाएं हाथ का यह स्पिनर पूरे मैच में लय में नजर आया और 4 ओवर में 29 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। क्रुणाल को प्लेयर ऑफ द मैच भी दिया गया। रहाणे और क्रुणाल का भी आईपीएल में एक दिलचस्प मुकाबला चलता है, जहां बाजी हर बार गेंदबाज के हाथ लगी है। रहाणे ने आईपीएल में क्रुणाल की 53 गेंदों का सामना किया है और इन पर वह 61 रन बनाकर चार बार आउट हुए हैं। क्रुणाल के खिलाफ रहाणे का औसत केवल 15.25 का रहा है। लेटेस्ट मैच में एक बार फिर क्रुणाल पांड्या ने रहाणे के खिलाफ सफलता हासिल की। सिर्फ क्रुणाल ही नहीं, बाएं हाथ के एक और आरसीबी गेंदबाज के आंकड़े दिलचस्प हैं। यह हैं पेसर यश दयाल जिन्होंने तीन ओवर में 25 रन देकर एक विकेट लिया।




## व्यापार समाचार

## बढ़ते ट्रेड टैरिफ के बीच भारत के पास हाई-वैल्यू मैन्युफैक्चरिंग और निर्यात में बड़े अवसर : इंडस्ट्री लीडर्स

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** ट्रेड टैरिफ पर चल रही बहस के बीच, इंडस्ट्री लीडर्स ने रविवार को कहा कि भारत के पास हाई-वैल्यू मैन्युफैक्चरिंग में मजबूत बढ़त है और सही नीति के कारण यह स्थिति निर्यात के लिए नए दरवाजे खोलती है। एक्सपर्ट्स की ओर से कहा गया कि प्रोडक्शन लिंक्ड (पीएलआई) और निर्यात इनिशिएटिव जैसी नीतियों के सपोर्ट के कारण 13 अरब डॉलर की भारतीय टेलीविजन इंडस्ट्री को वैश्विक आपूर्ति अंतराल को भरने में मदद मिल सकती है। प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक्स प्रोडक्टस पर बेसिक कस्टम शुल्क (बीसीडी) में संशोधन से 'मेक इन इंडिया' इनिशिएटिव को भी मजबूती मिलेगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महत्वाकांक्षी 500 अरब डॉलर के इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग लक्ष्य को पूरा करने में मदद मिलेगी।इस कदम का उद्देश्य मोबाइल फोन, स्मार्ट एलईडी टीवी और अन्य उपकरणों को अधिक किफायती बनाकर भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र को मजबूत करना है, साथ ही ग्लोबल सप्लाई चेन में देश की भूमिका को बढ़ाना है। वीडियोटेक्स के निदेशक अर्जुन बजाज ने कहा, इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाने के लिए हमें इन्फ्रास्ट्रक्चर, स्किल डेवलपमेंट पर दोगुना फोकस करना होगा और भारत को अधिक बिजनेस-फ्रेंडली मैन्युफैक्चरिंग केंद्र बनाना होगा। भारत का टीवी मार्केट तेजी से बदल रहा है। जहां बड़ी स्क्रीन, स्मार्ट टेक और प्रीमियम अनुभवों की मांग बढ़ रही है। हाल ही में वैश्विक रेटिंग एजेंसी फिच ने कहा था कि बाहरी मांग पर कम निर्भरता और घरेलू बाजार का बड़ा आकार भारत को अमेरिकी टैरिफ वृद्धि के प्रभाव से बचाएगा और वित्त वर्ष 26 में अर्थव्यवस्था की विकास दर 6.5 प्रतिशत रह सकती है। वित्त वर्ष 27 में जीडीपी वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रह सकती है। हाल ही में मॉर्गन स्टेनली की रिपोर्ट में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा टैरिफ की घोषणा के चलते पैदा हुई वैश्विक अस्थिरता के बीच भारत को एशिया में सबसे अच्छी स्थिति वाला देश बाताया था। इसकी वजह देश का गुड्स एक्सपोर्ट टू जीडीपी रेश्यो कम होना और आर्थिक आधार का मजबूत होना था।

## मार्केट आउटलुक : पीएमआई, एफआईआई और वैश्विक आर्थिक आंकड़ों से अगले हफ्ते तय होगा बाजार का रुझान

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** भारतीय शेयर बाजार के लिए अगला हफ्ता काफी अहम होने वाला है। पीएमआई, एफआईआई, भारतीय बैंकों की लोन एवं डिपॉजिट ग्रोथ और वैश्विक आर्थिक आंकड़ों से शेयर बाजार का रुझान तय होगा। भारत में कम्पोजिट पर्चेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) डेटा सोमवार को जारी किया जाएगा। कम्पोजिट पीएमआई सर्विस और मैन्युफैक्चरिंग आउटपुट का औसत होता है। यह अर्थव्यवस्था के लिए एक हाई फ्रीक्वेंसी इंडीकेटर के रूप में कार्य करता है, जो मौद्रिक नीति की दिशा तय करने में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मदद करता है। वहीं, घरेलू स्तर पर बैंकों की लोन और डिपॉजिट ग्रोथ का डेटा शुक्रवार को जारी किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, वैश्विक स्तर पर भी कई अहम आर्थिक आंकड़े जारी होंगे, जिसका प्रभाव बाजार पर हो सकता है, जिसमें यूएस जॉबलेस क्लेम, यूएस न्यू होम सेल्स और यूके का जीडीपी डेटा शामिल हैं। भारतीय शेयर बाजार के लिए बीता हफ्ता काफी शानदार रहा था। निफ्टी 4.26 प्रतिशत बढ़कर 23,350.40 और सेंसेक्स 4.17 प्रतिशत बढ़कर 76,905.51 पर बंद हुआ। इस रैली का नेतृत्व फाइनेंशियल स्टॉक्स द्वारा किया गया। निफ्टी बैंक इंडेक्स में 5.27 प्रतिशत और निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज इंडेक्स में 5.49 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। लार्जकैप की अपेक्षा स्मॉलकैप और मिडकैप में भी मजबूत खरीदारी देखी गई। निफ्टी मिडकैप इंडेक्स 7.8 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स 8.5 प्रतिशत बढ़कर बंद हुआ। अब विदेशी संस्थागत खरीदार (एफआईआई) शुद्ध खरीदार बन गए हैं। 17 मार्च से 21 मार्च तक के कारोबारी सत्र में एफआईआई द्वारा 5,819 करोड़ रुपये का निवेश इक्विटी में किया गया। वहीं, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) द्वारा 4,337.80 करोड़ रुपये का निवेश इक्विटी में किया गया। मास्टर ट्रस्ट ग्रुप में डायरेक्टर पुनीत सिंघानिया का कहना है कि बीते हफ्ते निफ्टी सभी पांच कारोबारी सत्रों में हरे निशान में बंद हुआ। निफ्टी के लिए अब 23,050 एक अहम सपोर्ट होगा। अगर यह इसे तोड़ता है तो 22,800, 22,700 और 22,500 एक मजबूत सपोर्ट जोन होगा।

## भारत में बढ़ी हवाई यात्रा करने वालों की संख्या

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** भारत में हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। भारत में अब अधिकतर लोग हवाई यात्रा करने में रुचि दिखा रहे है। बीते कुछ सालों में हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या पहले से कहीं अधिक हो गई है। ये जानकारी अमेरिकी मुख्यालय वाली एल्टन एविएशन कंसल्टेंसी ने साझा की है। एजेंसी के निदेशक जोशुआ एनजी की मानें तो भारत में हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या 2025 में सात फीसदी की मजबूत दर से बढ़ रही है। आने वाले समय में हवाई यात्रा की बढ़ती ताकत से मध्यम वर्ग को भी समर्थन मिलेगा। भारत में विमानन संभावनाओं को लेकर एनजी का कहना है कि देश एशिया प्रशांत की घरेलू और अंतरराष्ट्रीय हवाई यातायात मांग में लगभग 10 फीसदी का योगदान देता है। विमानन संभावनाओं पर गौर करें तो महामारी के पूर्व स्तर पर ये लौटा है। अब हवाई यात्रा की मांग में बढ़ोतरी हुई है। इससे भारत में विमानन विकास कार्यक्रमों की बढ़ोतरी को समर्थन मिलता है। इसकी बदौलत ही देश में 150 से अधिक हवाई अड्डों की स्थापना की गई है। उन्होंने कहा कि भारत की यात्री यातायात 2025 में सात फीसदी की दर से बढ़ सकती है। विकास का ये पैमाना मजबूती दर्शाता है। इससे देश में बनी एयरलाइनों के बीच लगभग 1900 विमानों का ऑर्डर भी बुक होगा। वहीं एयर इंडिया से लेकर विस्तारा के बीच भी हाल ही में विलय हुआ है। इससे भी एविएशन उद्योग में स्थिरता आ सकती है। इस विलय के बाद एयर इंडिया और इंडिगो ही मजबूत खिलाड़ी होंगे जो पूर्ण-सेवा और कम-लागत में सुविधा देंगे।

## भारत की जीडीपी दस वर्षों में हुई दोगुनी, 2027 तक जापान और जर्मनी से निकलेगी आगे


**सैन फ्रांसिस्को( एजेंसी )।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर, जिसे अब एक्स के नाम से जाना जाता है, के सैन फ्रांसिस्को स्थित मुख्यालय पर लगा प्रतिष्ठित नीली चिड़िया का लोगो आखिरकार नीलाम हो गया है। नीलामी में इस आइकॉनिक लोगो को 34 हजार 375 डॉलर, यानी करीब 30 लाख रुपये में खरीदा गया है। नीलामी कंपनी के एक प्रवक्ता के अनुसार, नीली चिड़िया का यह विशालकाय लोगो, जिसका वजन लगभग 254 किलोग्राम है और जो 12 फीट लंबा और 9 फीट चौड़ा है, उसे अज्ञात खरीदार ने हासिल किया है। इस नीलामी में सिर्फ नीली चिड़िया ही आकर्षण का केंद्र नहीं थी। इसके साथ ही कई अन्य दुर्लभ और ऐतिहासिक वस्तुएं भी नीलाम हुईं। इनमें एक एपल-1 कंप्यूटर 3.75 लाख डॉलर (करीब 3.22 करोड़ रुपये) में बिका, जबकि स्टीव जॉब्स द्वारा हस्ताक्षरित एपल का एक चेक 1,12,054 डॉलर (करीब 96.3 लाख रुपये) में नीलाम हुआ। इसके अतिरिक्त, पहली पीढ़ी का सील्ड पैक 4त्नक्च आईफोन 87 हजार 514 डॉलर में बेचा गया। गौरतलब है कि एलन मस्क के 2022 में ट्विटर का अधिग्रहण करने और बाद में इसका नाम बदलकर एक्स करने के बाद से ही इस नीली चिड़िया के लोगो का भविष्य अनिश्चित था। भले ही अब यह लोगो माइक्रोब्लॉगिंग वेबसाइट एक्स का हिस्सा नहीं है, लेकिन सोशल मीडिया जगत में इसकी पहचान एप्पल या नाइकी जैसी ही मजबूत बनी हुई है। एलन मस्क ने ट्विटर को लगभग 44 बिलियन डॉलर (करीब 3368 अरब रुपये) में खरीदा था। अधिग्रहण के समय मस्क ने कहा था कि लोकतंत्र को बनाए रखने के लिए स्वतंत्र अभिव्यक्ति आवश्यक है। उनका लक्ष्य ट्विटर को नए फीचर्स और बेहतर सुविधाओं के साथ एक बेहतरीन मंच बनाना था, जिसके तहत उन्होंने इस प्लेटफॉर्म पर कई बड़े बदलाव भी किए हैं।

## आईपीएल 2025 : एलएसजी ने चोटिल मोहसिन खान की जगह शार्दुल ठाकुर को टीम में शामिल किया



**विशाखापत्तनम( एजेंसी )।** लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) ने भारत के ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर को बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहसिन खान की जगह टीम में शामिल किया है। मोहसिन चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 से बाहर हो गए हैं। शार्दुल पिछले साल हुई मेगा नीलामी में नहीं बिके थे। वह अब तक आईपीएल में पांच टीमों ङ्क चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके), दिल्ली कैपिटल्स (डीसी), किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स, पीबीकेएस), कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और राइजिंग पुणे सुपरजायंट (अब नहीं है) के लिए 95 मैच खेल चुके हैं। उन्होंने 67 विकेट लिए हैं और उनका इकॉनमी रेट 8.89 है। आईपीएल के बयान के अनुसार, अनुभवी ऑलराउंडर ठाकुर को रजिस्टर्ड उपलब्ध खिलाड़ी लिस्ट (आरएपीपी) से उनके आधार मूल्य 2 करोड़ रुपये में शामिल किया गया है। वह भारत के लिए तीनों फॉर्मेट में अच्छा प्रदर्शन कर चुके हैं और आईपीएल में भी उनका अनुभव बहुमूल्य रहेगा। मोहसिन को पिछले साल दिसंबर में विजय हजारे ट्रॉफी के दौरान घुटने की गंभीर चोट (एसीएल टीयर) लगी थी। वह एलएसजी के प्री-सीजन कैंप में शामिल हुए थे, लेकिन नेट्स में गेंदबाजी करते समय उनकी पिंडली में चोट लग गई, जिसके कारण उन्हें टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा। 33 वर्षीय शार्दुल, जो नीलामी में नहीं बिके थे, ने 2025 सत्र की शुरुआत में इंग्लैंड की एसेक्स टीम के लिए सात मैचों का काउंटी चैंपियनशिप करार किया था। हालांकि, अब उन्हें आईपीएल में खेलने के लिए एलएसजी के साथ रहना होगा, जिससे यह करार रद्द हो सकता है। शार्दुल 2018 और 2021 में चेन्नई सुपर किंग्स के साथ दो बार आईपीएल जीत चुके हैं। वह इस समय विशाखापट्टनम में एलएसजी टीम के साथ हैं, जहां एलएसजी टीम सोमवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल 2025 में अपना पहला मैच खेलेगी।

## यूपीआई इस्तेमाल करने वालों के लिए जरूरी खबर, एक अप्रैल से इन मोबाइल नंबर्स पर बंद हो जाएगी सेवा




**नई दिल्ली( एजेंसी )।** यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) का उपयोग करने वाले करोड़ों लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण खबर सामने आई है। यदि आपका बैंक खाते से जुड़ा मोबाइल नंबर लंबे समय से निष्क्रिय है, तो उसे तुरंत सक्रिय करा लें, अन्यथा आप 1 अप्रैल से यूपीआई सेवाओं का इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे। दरअसल, डिजिटल धोखाधड़ी को रोकने के उद्देश्य से 1 अप्रैल से यूपीआई भुगतान प्रणाली में एक नया नियम लागू होने जा रहा है। इस नए नियम के तहत, सभी बैंकों और भुगतान सेवा प्रदाताओं (पीएसपी) को 31 मार्च से पहले अपने डेटाबेस को अपडेट करना होगा। इस अपडेट के माध्यम से निष्क्रिय या बदले हुए मोबाइल नंबरों को सिस्टम से हटाया जाएगा। बैंकों को इस प्रक्रिया के तहत 31 मार्च तक निष्क्रिय मोबाइल नंबरों को अपने डेटाबेस से अनिवार्य रूप से हटाना होगा। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने धोखाधड़ी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए डिजिटल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म (डीआईपी) पर उपलब्ध मोबाइल नंबर रिवोकेशन लिस्ट (एमएनआरएल) का उपयोग करने का सख्त निर्देश दिया है। इस प्रक्रिया के पूरा होने के बाद, निष्क्रिय मोबाइल नंबरों से जुड़े सभी यूपीआई खाते स्वत: ही बंद हो जाएंगे। एनपीसीआई ने इस संबंध में बैंकों और गूगल पे, फोन पे जैसे प्रमुख यूपीआई ऐप के लिए सप्ताह में कम से कम एक बार मोबाइल नंबर रिकॉर्ड को अपडेट करना अनिवार्य कर दिया है। यूपीआई सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनियों को संदिग्ध गतिविधियों की पहचान करने और उन्हें सिस्टम से हटाने के लिए एमएनआरएल या डिजिटल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म (डीआईपी) का नियमित रूप से उपयोग करना होगा। ऐसे उपयोगकर्ता जिन्होंने अपना मोबाइल नंबर बदल लिया है, लेकिन इसे अपने बैंक खाते के साथ अपडेट नहीं कराया है। वे लोग जिन्होंने अपने मोबाइल नंबर को निष्क्रिय कर दिया है और बैंक में इसकी सूचना नहीं दी है।

## भारत की जीडीपी 10 वर्षों में हुई दोगुनी, 2027 तक जापान और जर्मनी से निकलेगी आगे

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** भारत की जीडीपी बीते 10 वर्षों में दोगुनी हो गई है। देश की अर्थव्यवस्था 2025 में बढ़कर 4.3 ट्रिलियन डॉलर होने का अनुमान है, जो कि 2015 में 2.1 ट्रिलियन डॉलर थी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) द्वारा जारी किए गए डेटा में यह जानकारी दी गई। अर्थव्यवस्था के तेज गति से बढ़ने के कारण भारत की जीडीपी 2025 में जापान और 2027 में जर्मनी से बड़ी हो जाएगी। आईएमएफ के डेटा में बताया गया कि भारत दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना हुआ है और इसकी वजह नीतिगत सुधार और मजबूत आर्थिक वृद्धि है। बीजेपी नेता अमित मालवीय द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर की गई पोस्ट में कहा गया कि विकास की यह गति भारत को एक वैश्विक आर्थिक महाशक्ति के रूप में स्थापित करती है, जो 2025 तक जापान और 2027 तक जर्मनी को पीछे छोड़ देगी। मालवीय ने आगे कहा कि यह असाधारण उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और उनकी सरकार के अथक प्रयासों का प्रमाण है। सक्रिय आर्थिक नीतियों, साहसिक संरचनात्मक सुधारों और व्यापार करने में आसानी पर निरंतर फोकस के माध्यम से मोदी सरकार ने भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना दिया है। साथ ही कहा कि यह एक ऐसी उपलब्धि जो आजादी के बाद से किसी भी पिछली सरकार को हासिल नहीं हुई थी। इस महीने की शुरुआत में, भारत की विवेकपूर्ण नीतियों की सराहना करते हुए आईएमएफ के कार्यकारी बोर्ड ने कहा है कि देश का मजबूत आर्थिक प्रदर्शन 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनने के लिए महत्वपूर्ण सुधारों को अपनाने में मदद कर सकता है। आईएमएफ के कार्यकारी बोर्ड ने कहा कि संरचनात्मक सुधार देश में उच्च-गुणवत्ता की नौकरियां पैदा करने और निवेश के लिए काफी जरूरी हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि भारत को लेबर मार्केट सुधारों को लागू करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और महिला भागीदारी को लेबर फोर्स में बढ़ाना चाहिए।

## भारत की गर्मियों को ध्यान में रखते हुए, हायर ने भारत का एकमात्र एआई क्लाइमेट कंट्रोल एयर कंडीशनर पेश किया

**नईदिल्ली।** लगातार 16 वर्षों विश्व का नंबर 1 प्रमुख उपकरण ब्रांड हायर इंडिया ने गर्मी के मौसम से पहले भारतीय घरों के लिए कस्टमाइज़्ड, इंटेलिजेंट कूलिंग प्रदान करने वाले एआई-संचालित एयर कंडीशनर की अपनी नवीनतम रेंज पेश की है। भारत के एकमात्र एआई क्लाइमेट कंट्रोल से लैस, नए एसी ऑटोमैटिक तरीके से उपयोगकर्ता की प्राथमिकताओं और पर्यावरण की स्थितियों के अनुकूल हो जाते हैं, जिससे अधिकतम ऊर्जा दक्षता के साथ सहज कूलिंग सुनिश्चित होती है। हायर की AI क्लाइमेट कंट्रोल टेक्नोलॉजी उपयोगकर्ता की ज़रूरतों को समझती है, कूलिंग सेटिंग्स को एडजस्ट करती है और एक सहज अनुभव के लिए ऊर्जा दक्षता को अनुकूलित करके एयर कंडीशनिंग में क्रांति लाती है। इस उन्नत प्रणाली में तीन प्रमुख विशेषताएँ शामिल हैं : AI क्लाइमेट असिस्टेंट न्यूनतम प्रयास के साथ अधिकतम आराम सुनिश्चित करते हुए, उपयोगकर्ता की आदतों को अपनाकर कूलिंग को पर्सनलाइज़ करता है। बिजली की निगरानी उपयोगकर्ताओं को दैनिक, साप्ताहिक या मासिक ऊर्जा खपत लक्ष्य निर्धारित करने की अनुमति देती है, जिससे बढ़ी हुई ऊर्जा बचत के लिए बेहतर ट्रैकिंग और अनुकूलन संभव होता है। इसके अतिरिक्त, AI ECO मोड गतिशील रूप से कूलिंग आउटपुट को नियंत्रित करता है, जिससे सही तापमान बनाए रखते हुए बिजली की अनावश्यक खपत को रोका जा सकता है। नए लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए हायर अप्लायंसेज़ इंडिया के अध्यक्ष श्री एनएस सतीश ने कहा, हायर इंडिया में, हम ऐसे अग्रणी नवाचारों के लिए समर्पित हैं जो घरेलू अनुभवों को परिभाषित करते हैं। हमारे AI-संचालित एयर कंडीशनर के साथ, हमें भारत में अपनी तरह की पहली तकनीक पेश करने पर गर्व है, जो उद्योग जगत में एक नया मानक स्थापित कर रहा है। इस उन्नत AI क्लाइमेट कंट्रोल टेक्नोलॉजी को पेश करने वाले एकमात्र ब्रांड के रूप में, हमारे एसी भारतीय उपभोक्ताओं के लिए कूलिंग की समझ, दक्षता और निरंतरता को एकीकृत करते हैं। ग्राहक की अंतर्दृष्टि से प्रेरित होकर, हमने इन स्मार्ट एयर कंडीशनर को उपयोगकर्ता की ज़रूरतों के अनुकूल बनाने, ऊर्जा की खपत को अनुकूलित करने और असाधारण कूलिंग देने के लिए तैयार किया है। गर्व से कह सकते हैं कि ये एसी भारत में निर्मित हैं।

## इंडियन ऑयल ने जेल के कैदियों और सुधार गृहों के लिए अपनी परिवर्तनकारी पहलों का विस्तार किया

**हरिद्वार :** इंडियन ऑयल के चेयरमैन श्री ए एस साहनी ने आज राज्य सरकार और जेल अधिकारियों की मौजूदगी में भारत के विभिन्न स्थानों पर इंडियन ऑयल के 'परिवर्तन - जेल से गौरव' के 10वे चरण और 'नई दिशा - भविष्य को फिर से परिभाषित करना' के 7वे चरण का शुभारंभ किया।

इंडियन ऑयल द्वारा क्रमशः 15 अगस्त, 2021 और 26 जनवरी, 2023 को शुरू की गई दोनों पहलों का उद्देश्य खेलों की शक्ति के माध्यम से जेलों और सुधार गृहों में बंद कैदियों के जीवन को बदलना है। नए चरण में, इंडियन ऑयल 22 जेलों और 5 बाल सुधार गृहों में 1000 से अधिक व्यक्तियों के जीवन को प्रभावित करेगा।

लॉन्च समारोह में इंडियनऑयल के चेयरमैन ने कहा, इस कार्यक्रम की हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि यह विश्वास है कि हमेशा दूसरा मौका मिलता है। विभिन्न खेलों में कोचिंग के संपर्क में आने और उसके बाद राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने से लाभार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और अपनी ऊर्जा को सकारात्मक रूप से दिशा देने का अवसर मिल रहा है। अपने छोटे से प्रयास के माध्यम से, हम कैदियों में अनुशासन, उद्देश्य और आशा की भावना पैदा करने की उम्मीद करते हैं ताकि वे सम्मान के साथ समाज में शामिल हो सकें। इस अवसर पर, भाग लेने वाले राज्य सरकार के अधिकारियों और जेल अधिकारियों ने इस अनूठी पहल के लिए इंडियनऑयल को धन्यवाद दिया, जो सुधार गृहों में कैदियों और बच्चों को बेहतर जीवन बनाने और समाज में उपयोगी योगदान देने में मदद करेगी। शुरुआत से ही, इस पहल ने भारत के 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 10,000 से अधिक व्यक्तियों को कवर करते हुए 200 से अधिक जेल स्थानों को छुआ है। इन दोनों कार्यक्रमों की सफलता पिछले साल विश्व शतरंज महासंघ (स्नद्धष्ठश्व) शतरंज टूर्नामेंट में जीते गए स्वर्ण और कांस्य पदक सहित विभिन्न टूर्नामेंटों में खिलाड़ियों द्वारा जीते गए विभिन्न पुरस्कारों में परिलक्षित होती है। इसके अलावा, सामाजिक भलाई के लिए खेलों के लिए स्पोर्टस्टार एसेस चेयरपर्सन अवार्ड 2023 और प्रतिष्ठित एशिया-पैसिफिक स्टीवी अवार्ड इस तरह की पहल के लिए इंडियनऑयल को प्रदान किए गए।

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, मंगलवार 25 मार्च 2025

## अंबिकापुर में चलेगा आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए अभियान

**रायपुर (विसं)।** अंबिकापुर जिले में आयुष्मान योजना का लाभ दिलाने अभियान चलेगा। कलेक्टर विलास भोसकर ने आज समय सीमा बैठक में अधिकारियों को अभियान चलाकर आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को संविदा भर्ती के अंतर्गत स्टाफ नर्स, कंप्यूटर ऑपरेटर, आर एम ओ सहित अन्य पदों के भर्ती प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने कहा। कलेक्टर ने बैठक में सभी तहसीलदारों को ज्यादा से ज्यादा किसानों को प्रोत्साहित कर एग्रो स्टेक पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू का रायपुर पहुंचने पर महापौर मीनल चौबे ने बुके प्रदत्त कर किया आत्मीय स्वागत



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** सोमवार को भारत गणराज्य की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू का छत्तीसगढ़ विधानसभा की रजत जयंती वर्ष के विशेष कार्यक्रम हेतु राजधानी रायपुर में माना हवाई अड्डे में पहुंचने पर राजधानी शहर की प्रथम नागरिक नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने समस्त राजधानीवासियों की ओर से बुके प्रदत्त कर उनका आत्मीय स्वागत किया।

### कर्मचारी भविष्य निधि संगठन क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा प्रदेश के सभी 25 जिलों में कैम्प का आयोजन किया जाएगा

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर (छ.ग.) द्वारा माह मार्च 2025 में दिनांक 27.03.2025 को निधि आपके निकट 2.0 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी 25 जिलों में क्रमश: जनपद पंचायत बालोद, कलेक्टोरेट परिसर श्रम कार्यालय बलोदा बाज़ार, जनपद पंचायत वद्रफ नगर बलरामपुर, जनपद पंचायत बेमेतरा, ई.एस.आई.सी.ब्रांच ऑफिस बिलासपुर, जिला पंचायत धमतरी, ई.एस.आई.सी. ब्रांच ऑफिस राधिका नगर भिलाई भिलाई-दुर्ग, आर.टी.ओ. ऑफिस/श्रम कार्यालय टिकर कला गोरेला-पेंड्रा-मरवाही, कलेक्टोरेट ऑफिस जांजगीर जांजगीर-चाम्पा, जिला पंचायत जशपुर, जिला पंचायत कबीरधाम (कवर्धा), जनपद पंचायत खैरागढ़ खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, श्रम कार्यालय कोरबा, जनपद पंचायत सोनहट कोरिया (बैकुंठपुर), जिला पंचायत महासमुंद, नगर पालिका परिषद् मनेन्द्रगढ़, जनपद पंचायत मोहला मोहला-मानपुर-चौकी, कलेक्टोरेट कैंपस कमरा नंबर 252 मुंगेली, ई.एस.आई.सी. कार्यालय रायगढ़, ई.एस.आई.सी. ब्रांच ऑफिस चौबे कॉलोनी रायपुर, ई.एस.आई.सी. कार्यालय राजनांदगांव, जनपद पंचायत सारंगढ़, श्रम कार्येलय अंबिकापुर, नगर पालिका परिषद् गुरपत रोड सक्ती, जिला पंचायत सूरजपुर स्थानों पर कैम्प का आयोजन किया जाएगा। अत: समस्त नियोक्ताओं/ अंशधारकों/ पेंशनरों से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं/ शिकायतों के निराकरण हेतु उक्त स्थानों पर जिला नोडल अधिकारी से संपर्क करें।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर हुआ भव्य स्वागत



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु का आज छत्तीसगढ़ आगमन पर स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर में राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं विजय शर्मा, रमेश बैस, सुश्री सरोज पाण्डे, गौरीशंकर अग्रवाल, शिवरतन शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने स्वागत किया।

# अवकाश के दिनों में भी खुले रहेंगे रजिस्ट्री कार्यालय

## जनता की सुविधा के लिए अपॉइंटमेंट का समय शाम 7 बजे तक बढ़ाया गया



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य शासन जनता की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है और तकनीकी सशक्तिकरण के माध्यम से शासकीय प्रक्रियाओं को और अधिक सरल, सुलभ और पारदर्शी बनाने हेतु निरंतर प्रयासरत है।

इसी कड़ी में वाणिज्यिक कर (पंजीयन) मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी के स्पष्ट निर्देश पर जनसुविधा को सर्वोपरि रखते हुए महानिरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक श्री पुष्पेन्द्र कुमार मीणा द्वारा आज ही सभी जिलों के कलेक्टरों को पत्र जारी कर यह निर्देशित किया गया है कि मार्च माह के सार्वजनिक अवकाश के दिनों 25, 29, 30 एवं 31 मार्च को भी सभी रजिस्ट्री कार्यालय खुले रहेंगे, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अतिरिक्त, नागरिकों की सुविधा हेतु रजिस्ट्री के लिए अपॉइंटमेंट का समय सायं 5 बजे से बढ़ाकर सायं 7 बजे तक कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि आज दिनांक 24 मार्च को रजिस्ट्री विभाग के सॉफ्टवेयर NGDRS में तकनीकी समस्या आने के कारण सर्वर अस्थायी रूप से डाउन हो गया, जिससे कुछ समय के लिए रजिस्ट्री कार्य बाधित हुआ। एनजीडीआरएस सॉफ्टवेयर का संचालन राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC), पुणे द्वारा किया जाता है। जैसे ही सर्वर डाउन होने की सूचना प्राप्त हुई, तुरंत एनआईसी पुणे और एनआईसी रायपुर की तकनीकी टीम से समन्वय स्थापित कर तत्काल सुधार की प्रक्रिया शुरू की गई। अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप सायं 6 बजे तक सर्वर सुचारू रूप से कार्य करने लगा और रजिस्ट्री कार्य पुन: प्रारंभ हो गया। आगे ऐसी कोई तकनीकी बाधा उत्पन्न न हो, इसके लिए एनआईसी के साथ लगातार तकनीकी समन्वय सुनिश्चित किया जा रहा है।

## उन्नत भारत अभियान (एनआईटी रायपुर) की टीम ने किया नरदहा गांव में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर की उन्नत भारत अभियान क्लब के द्वारा 22 मार्च 2025 शनिवार को नरदहा गांव में स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एन.आई.टी. रायपुर के निदेशक डॉ. रमना राव के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान डॉ.समीर सोनकर, मेडिकल ऑफिसर, एन. आई. टी. रायपुर और डॉ. अश्विनी देवांगन, डिस्ट्रिक मेडिकल ऑफिसर, विशेषज्ञ चिकित्सक के रूप में मौजूद रहे। इस कार्यक्रम के दौरान यूबीए के क्षेत्रीय समन्वयक डॉ. सुधाकर पांडेय और पीआई समन्वयक डॉ. हरेंद्र बिक्रोल, डॉ. सुवेंदु रूप, डॉ. जितेंद्र कुमार राउत और श्री विजय वर्मा ने सम्मिलित होकर इस कार्यक्रम के सफल संचालन में अपना योगदान दिया। इस कार्यक्रम के दौरान ग्राम नरदहा की सरपंच नीलिमा वर्मा एवं पंच मानकी वर्मा, रुकमणि साहू, नीलकंठ साहू एवं ऊषा ध्रुव भी उपस्थित रहीं।

इस कार्यक्रम के दौरान चिकित्सकों द्वारा ग्रामवासियों की उत्तम जाँच की गई। इस दौरान ग्रामवासियों के ब्लड प्रेशर, शुगर और वज़न की जांच की गई। इन परीक्षणों के माध्यम से लोगों को उनके स्वास्थ्य की वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी दी गई और आवश्यक परामर्श भी प्रदान किए गए। स्वास्थ्य परीक्षण के बाद, जरूरतमंदों को मुफ्त दवाएं और पोषक तत्व वितरित किए गए। इनमें ओ.आर.एस. घोल डिहाइड्रेशन से बचाव के लिए, कैल्शियम टैबलेट हड्डियों की मजबूती के लिए, विटामिन और आयरन टैबलेट रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए दी गईं। इसके अलावा, पैरासिटामोल, सर्दी-खांसी की दवाएं और एंटीबायोटिक्स भी वितरित किए गए ताकि ग्रामीणों को मौसमी बीमारियों और संक्रमण से बचाया जा सके। इस स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया और मुफ्त चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठाया। एनआईटी रायपुर के यूबीए क्लब का यह प्रयास न केवल ग्रामवासियों के लिए लाभकारी सिद्ध हुआ, बल्कि इससे समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ी। क्लब भविष्य में भी ऐसे सामाजिक सेवा कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा ताकि अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके।

## उज्ज्वला-4 : लैंप लाइटिंग एवं शपथ ग्रहण समारोह, एडवांस स्किल लैब का भव्य उद्घाटन





**नया रायपुर ( विश्व परिवार )।** श्री रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च नया रायपुर परिसर में स्थित रविशंकर इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में उज्ज्वला-4 लैंप लाइटिंग एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर बी.एस.सी. नर्सिंग 2020-2021 से 2023-2024 बैच के छात्र-छात्राओं ने नर्सिंग सेवा की शपथ ग्रहण की।

समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. पी.के. पात्रा, कुलपति - पं. दीन दयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय, एस.एस. बजाज, कार्यकारी निदेशक - श्री रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट, निदेशक नर्सिंग प्रमोद पांडे व अपर्णा सिंह, नर्सिंग महाविद्यालय की प्रचार्या ने मां सरस्वती, फ्लोरेंस नाइटिंगेल एवं पूज्य महाराज श्री की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया। मुख्य अतिथि डॉ.पात्रा ने नर्सिंग शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए महाविद्यालय की सराहना की और छात्र-छात्राओं को ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा के साथ समाज सेवा करने की प्रेरणा दी। उन्होंने नर्सिंग के क्षेत्र में स्किल आधारित शिक्षा को आवश्यक बताते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर महाविद्यालय के पूर्व छात्रों को उनकी उपलब्धियों के लिए स्टूडेंट्स एलुमनी - अवॉर्ड फॉर हाइयर अचीवमेंट से सम्मानित किया गया। बी.एस.सी. नर्सिंग प्रथम बैच की चांदनी पटेल (AIIMS रायपुर) और 4th बैच की प्रतिभा साहू (AIIMS भुवनेश्वर) को नर्सिंग ऑफिसर के रूप में चयनित होने पर सम्मानित किया गया। समारोह में सभी छात्र-छात्राओं ने कैंडल थाम कर नर्सिंग सेवा की शपथ ली। इसी अवसर पर श्रीमती नीतू त्रिपाठी द्वारा महाविद्यालय की एडवांस स्किल लैब का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का समापन सभी अतिथियों के धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## साहित्यिक व सांस्कृतिक संस्था ऋचा की मार्च माह की मासिक गोष्ठी वृंदावन हॉल में हुई आयोजित



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** सचिव नीता श्रीवास्तव ने सबका अभिनंदन कर कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। सर्वप्रथम माँ शारदे व स्व शांति यदु के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलन किया आयोजक मधु सक्सेना, अध्यक्ष डॉ मंजुलाहर्ष श्रीवास्तव, ब्रिगेडियर प्रदीप यदु ने। माँ वीणापाणि की सुमधुर वंदना प्रस्तुत की सरोज दुबे ने।मासिक प्रतिवेदन का पठन किया मीना शर्मा ने, इस माह के पी सक्सेना, डॉ सुरेश तिवारी, डॉ अमृता शुक्ला, दिनेश गौतम का जन्मदिवस था उन्हें पुष्प गुच्छ देकर बधाइयाँ प्रेषित की गईं। के पी सक्सेना को पुष्पगुच्छ दिया मीना शर्मा ने, डॉ सुरेश तिवारी को मधु सक्सेना ने, डॉ मंजुलाहर्ष श्रीवास्तव को शकुंतला तरार ने, ब्रिगेडियर प्रदीप यदु को दिनेश गौतम ने, डॉ अमृता शुक्ला को डॉ साधना कसार ने, मधु सक्सेना को प्रज्ञा त्रिवेदी ने पुष्पगुच्छ दिया। आज की गोष्ठी का संचालन वरिष्ठ साहित्यकार, व्यंग्यकार, उद्घोषक सुरेंद्र रावल कर रहे थे, हर लेखकों के लिये उन्होंने उनके नाम अनुरूप इतनी सटीक छंद बद्ध पंक्तियाँ पढ़ी कि कार्यक्रम समापन पश्चात भी हर कोई अपनी पंक्ति पर आनंदित हो रहा था। तमाम कवियों लेखकों की रचनाओं में बसंत की मादकता और फागुन की खुमारी का रंग ऐसे उड़ा कि समस्त सभागार रंग और गुलाल सा रंगीन हो महक उठा था। सबकी रचनायें बेहद मोहक व अप्रतिम थी। इस आनंदमय क्षण के साक्षी बनें- आशामानव, चंद्रकांता अग्रवाल, डॉ मंजुलाहर्ष श्रीवास्तव, लतिका भावे, शकुंतला तरार, नीलिमा मिश्रा, आचार्य अमरनाथ त्यागी, दिनेश गौतम, के पी सक्सेना, सुरेंद्र रावल, ब्रिगेडियर प्रदीप यदु, मंजु यदु, साधना सक्सेना, अंजु यदु, किरण वैद्य, डॉ सीमा श्रीवास्तव, डॉ कमल वर्मा, डॉ अमृता शुक्ला, डॉ साधना कसार, डॉ सुरेश तिवारी, दिलीप वरवंडकर, नीता श्रीवास्तव, मधु सक्सेना, सरोज दुबे, सुनिता वर्मा, प्रज्ञा त्रिवेदी, मीना शर्मा आदि। ब्रिगेडियर प्रदीप यदु ने आभार प्रेषित कर कार्यक्रम समापन की घोषणा की।

## सफलता की कहानी : कृषक उन्नति योजना से बदली किसान धनीराम साहू की तकदीर



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** महासमुंद विकासखंड के ग्राम चिंगरौद के किसान श्री धनीराम साहू के जीवन में कृषक उन्नति योजना आर्थिक समृद्धि का नया अवसर लेकर आई है। शासन द्वारा धान खरीदी 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से किए जाने से उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिससे उनका आत्मविश्वास भी बढ़ा है।

धनीराम साहू ने बताया कि उन्होंने कुल 6 एकड़ में धान की खेती की थी, जिससे अच्छी आमदनी प्राप्त हुई। वे इस राशि से अपनी नवीन कृषि भूमि खरीदने की योजना बना रहे हैं, जो कि पहले पूंजी की कमी के कारण संभव नहीं हो पा रही थी। इसके अलावा, वे इस आय का उपयोग अपने बच्चों की शिक्षा और खेती के अन्य कार्यों में भी करेंगे। धनीराम का मानना है कि साय सरकार की इस योजना ने प्रदेश के किसानों को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनका कहना है कि पहले की तुलना में अब धान की खेती से अधिक लाभ प्राप्त हो रहा है और अंतर राशि का भुगतान भी समय पर हो रहा है, जिससे किसानों का शासन के प्रति विश्वास बढ़ा है।

उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद देते हुए कहा कि राज्य में किसान खुशहाल हैं और कृषि क्षेत्र नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर पूरे देश में सबसे अधिक है, जिससे किसानों को आर्थिक संबल मिल रहा है। कृषक उन्नति योजना निश्चित रूप से किसानों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रही है।

## खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल की केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू से मुलाकात

**केन्द्रीय मंत्री के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों ने श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव में शामिल होने खाद्य मंत्री को किया आमंत्रित**



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री दयाल दास बघेल के राजधानी रायपुर स्थित शासकीय निवास कार्यालय में केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री तोखन साहू से सौजन्य मुलाकात हुई। खाद्य मंत्री श्री बघेल ने केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री साहू का आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री श्री साहू के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों ने जिला बेमेतरा के बुचीपुर में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ महोत्सव के लिए आमंत्रित किया।

उल्लेखनीय है कि चैत्र नवरात्र पर्व के अवसर पर श्री सिद्ध शक्तिपीठ मां महामाया धार्मिक सेवा समिति बुचीपुर द्वारा 30 मार्च से 06 अप्रैल 2025 तक संगीत मय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया।

## चेंबर चुनाव 2025 : 7 जिलों में हो सकते हैं चुनाव

### निर्वाचन समिति ने की वैध प्रत्याशियों की सूची जारी




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के चुनाव 2025 की प्रक्रिया के तहत आज 24 मार्च 2025 को नाम निर्देशन पत्रों पर प्राप्त आपत्ति के निराकरण उपरांत मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली ने निर्वाचन अधिकारी प्रकाश गोलछा, रमेश गांधी, बालकृष्ण दानी, महावीर तालेड़ा, अनिल जैन(कुचेरिया), संजय देशमुख, संजय जोशी, अमित वर्मा, मनोज शर्मा, मुख्य निर्वाचन नियंत्रक एच.एस.कर, एवं चेम्बर चुनाव कार्यालय प्रभारी एस.एम.रावते की उपस्थिति में आज निर्धारित समय संध्या 6 बजे वैध प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है जो कि चेंबर की वेबसाइट www.cgchamber.org पर भी उपलब्ध है।

चेंबर के संविधान अनुसार रायपुर जिले में जिला उपाध्यक्ष और जिला मंत्री के 8- 8 पद हैं एवं शेष जिलों में जहाँ सदस्यों की संख्या 50 से अधिक है वहां जिला उपाध्यक्ष और जिला मंत्री का एक एक पद होता है अत: उपरोक्त अनुसार चेंबर चुनाव 2025 में प्रदेश के 26 जिलों में जिला उपाध्यक्ष और जिला मंत्री का चुनाव होना है। बलरामपुर, बस्तर, बीजापुर, कोंडागांव, सुकमा, मोहला मानपुर, खैरागढ़-छुई खदान-गंडई जिलों में सदस्यों की संख्या 50 से कम होने से जिला उपाध्यक्ष एवं जिला मंत्री के पद का प्रावधान नियमानुसार नहीं हैं। रायपुर जिले में 8 जिला उपाध्यक्ष और 8 जिला मंत्री पद के लिए इतने ही नामांकन हुए हैं. रायगढ़, मुंगेली, बालोद और जांजगीर-चाम्पा जिलों में जिला उपाध्यक्ष और जिला मंत्री पद के लिए 2-2 नामांकन प्राप्त हुए हैं।

## छत्तीसगढ़ में कृषक उत्पादक संगठनों को बढ़ावा देने 26 मार्च से तीन दिवसीय मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन

### कृषि मंत्री नेताम करेंगे शुभांरभ, कृषि विश्वविद्यालय में लगेगा एफ.पी.ओ. मेला

### कृषि उत्पादक संगठनों द्वारा निर्मित उत्पाद प्रदर्शन और विक्रय के लिए उपलब्ध रहेंगे



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ में कृषक उत्पादक संगठनों के गठन एवं गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर में कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग, छत्तीसगढ़ शासन तथा लघु कृषक कृषि व्यापार संघ, भारत सरकार नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 26 से 28 मार्च, 2025 तक तीन दिवसीय कृषक उत्पादक संगठन (एफ.पी.ओ.) मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। कृषि महाविद्यालय, रायपुर के कृषि मंडपम् में आयोजित इस तीन दिवसीय एफ.पी.ओ. मेला सह प्रदर्शनी का शुभारंभ दिनांक 26 मार्च, 2025 को प्रात: 11 बजे कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी मंत्री श्री रामविचार नेताम के मुख्य आतिथ्य में किया जाएगा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में धरसींवा विधायक, श्री अनुज शर्मा, रायपुर ग्रामीण विधायक श्री मोती लाल साहू, महापौर रायपुर नगर निगम, श्रीमती मीनल चौबे उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल करेंगे।

इंदिरा गांधी कृषि वि.वि., रायपुर में आयोजित होने वाले इस तीन दिवसीय कृषक उत्पादक संगठन मेला सह प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ के 45 कृषक उत्पादक संगठन शामिल होंगे। मेले में शामिल कृषक उत्पादक संगठनों के उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय भी किया जाएगा। इस दौरान एफ.पी.ओ. के संचालन के विभिन्न विषयों पर विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इस एफ.पी.ओ. मेला सह प्रदर्शनी में कृषि वैज्ञानिक, कृषि विभाग के अधिकारी, प्रगतिशील कृषक एवं कृषि से संबंधित एफ.पी.ओ. के प्रतिनिधि भाग लेंगे। इस अवसर पर जन-सामान्य हेतु मेला सह प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें एफ.पी.ओ. के उत्पादों को क्रय भी कर सकेंगे।

एफ.पी.ओ. मेले में विभिन्न कृषक उत्पादक संगठनों द्वारा निर्मित उत्पाद जैसे सुगंधित चावल-विष्णुभोग चावल, देवभोग चावल, जीराफूल चावल, तुलसी मंजरी चावल, ब्लैक राईस, रेड साईस, ग्रीन राईस, ब्राउन राईस, हल्दी पाउडर आदि उपलब्ध रहेंगे।

## मैक रोवर एवं छात्र-छात्राओं का उपराष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मान

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** यह अत्यंत गर्व का विषय है कि महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज (मैक), समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) के रोवर के द्वारा सामुदायिक विकास सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत लॉक बुक लेखन कार्य किया गया। जिसके फलस्वरूप उपराष्ट्रपति पुरस्कार सर्टिफिकेट और बैच से सम्मानित किया गया। मैक के रोवर लीडर डॉ. डिग्री लाल पटेल एवं रोवर दल के 24 विद्यार्थियों के अथक परिश्रम स्वरूप लॉक बुक का लेखन कार्य किया गया।

चेयरमेन श्री राजेश अग्रवाल जी उपराष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित समस्त रोवरों एवं रोवर लीडर को शुभाकामनाएं दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय निंरतर रोवर-रेंजर के माध्यम से सामाजिक कार्यो में संलग्न रहता है। जिससे विद्यार्थी सामाजिक गतिविधियों से जुड़े रहते है। जिसके फलस्वरूप विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एम. एस. मिश्रा ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा, यह हमारे महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। विद्यार्थियों की मेहनत, समर्पण और सेवा भावना का यह सम्मान उन्हें भविष्य में और प्रेरित करेगा। इस सम्मान से महाविद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। सभी शिक्षकों, छात्रों और अभिभावकों ने विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।







प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354